नई दिल्ली
बुधवार, 20 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 126
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यूून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

महिला विश्व कप के लिए टीम

## शेफाली का चयन नहीं रेणुका की हुई 'वापसी'


रेणुका सिंह ठाकुर

■ भारत-श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे मुकाबले

**मुंबई।** महिला विश्व कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को भारतीय महिला टीम का ऐलान कर दिया। शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है। हरमनप्रीत कौर कप्तान हैं जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान हैं। इस टीम में फिटनेस हासिल कर चुकी रेणुका सिंह ठाकुर की वापसी हुई है जबकि शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिला है। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल महिला शेष पेज 5 पर

# उपराष्ट्रपति के लिए विपक्ष के साझा प्रत्याशी होंगे सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज, 9 सितंबर को चुनाव

## राधाकृष्णन को टक्कर देने जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों ने मंगलवार को सर्वसम्मति से पूर्व सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी को आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव (9 सितंबर) के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित कर दिया। इस ऐतिहासिक फैसले की घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की।

उनके साथ विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। सभी नेता बाद में जस्टिस रेड्डी को लेने के लिए दिल्ली हवाई अड्डा गए। सभी ने मिलकर विपक्षी गठबंधन से उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी की अगवानी की। खरगे के सरकारी आवास पर विपक्षी दलों की बैठक में राकांपा प्रमुख शरद पवार, शिव सेना उद्धव गुट के संजय राउत, अरविंद सावंत, कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल, जयराम रमेश, प्रमोद



तिवारी, रजनी पाटिल, तृणमूल के डेरेक ओ'ब्रायन, डीएमके की कनिमोझी, तिरुचि सिवा, सीपीआई के जॉन ब्रिट्टास, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव समेत कई नेता शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से जस्टिस रेड्डी के नाम पर मुहर लगी। इंडिया गठबंधन से अलग राह अपना चुकी आम आदमी पार्टी ने भी इस निर्णय का समर्थन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में खरगे ने कहा कि जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे सम्मानित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका लंबा और उल्लेखनीय करियर रहा है- उन्होंने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में जज, गुवाहाटी हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश और अंततः सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएँ दीं। खरगे ने कहा, "रेड्डी साहब ने हमेशा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की आवाज बुलंद की है। वह न केवल एक निर्भीक न्यायाधीश रहे हैं बल्कि संवैधानिक मूल्यों के भी सच्चे प्रहरी रहे हैं।"

### पद की नहीं वैचारिकी लड़ाई है

कांग्रेस अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि यह उपराष्ट्रपति चुनाव सिर्फ पद का चुनाव नहीं बल्कि वैचारिक संघर्ष है। उन्होंने कहा, "विपक्षी दलों ने बी. सुदर्शन रेड्डी को इसलिए संयुक्त प्रत्याशी बनाया है क्योंकि वे उन मूल्यों को पूरी तरह प्रतिबिंबित करते हैं, जिन पर हमारे स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी गई और जिन पर हमारा संविधान व लोकतंत्र आधारित है। आज वे सभी मूल्य हमले की जद में हैं, इसलिए हमें सामूहिक और दृढ़ संकल्प के साथ इस चुनाव में उतरना होगा।" विपक्षी गठबंधन आंकड़ों के लिहाज से ये बात भलीभांति जानता है कि राजग गठबंधन सांसदों की गिनती के हिसाब से काफ़ी आगे है। जीत आसान नहीं । लेकिन भाजपनीत राजग गठबंधन को जीत का वॉकओवर देने के बजाए इंडिया गठबंधन ने चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई ।

### नामांकन 21 अगस्त को

खरगे ने जानकारी दी कि जस्टिस रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 2.14 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतें हुई डिजिटल




**नई दिल्ली।** ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए, देश में भारतनेट परियोजना के तहत 2,14,325 ग्राम पंचायतों (जीपी) को डिजिटल तौर पर जोड़ा गया है। यह जानकारी मंगलवार को सरकार की ओर से संसद में दी गई। दूरदराज गांवों में 4जी सेवाएं पहुंचाने के लिए सरकार 26,316 करोड़ रुपए की परियोजना चला रही है।

### भगवान को 140 करोड़ रु. का सोना चढ़ाएगा भक्त



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के एक भक्त ने अपनी कारोबारी कामयाबी के लिए शुक्रिया अदा करने के लिए 121 किलो सोना दान करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि भक्त जो सोना चढ़ाना चाहता है उसकी कीमत करीब 140 करोड़ रुपए है।

### अभिनेता अच्युत पोद्दार का मुंबई में निधन



**मुंबई।** 'भारत की खोज' और 'वागले की दुनिया' जैसे टीवी शो और '3 ईडियट्स' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले बुजुर्ग अभिनेता अच्युत पोद्दार का अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 साल के थे। उन्हें सोमवार शाम करीब चार बजे जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कई फिल्मों में अविस्मरणीय भूमिकाएं निभाईं।

चीन के विदेश मंत्री ने पीएम को सौंपा राष्ट्रपति जिनपिंग के संदेश के साथ एससीओ सम्मेलन का निमंत्रण पत्र

# एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी: डोभाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

» चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई बैठक में भारत के एनएसए ने की यह घोषणा

» चीन के तियानजिन शहर में होगी पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात

» डोभाल ने कहा, एलएसी विवाद खत्म होने के बाद सीमाओं पर है शांति

वांग यी बोले, बीते कुछ वर्षों में हुआ नुकसान दोनों देशों के लोगों के हित में नहीं था

अमेरिका के साथ पारस्परिक टैरिफ के मुद्दे पर बने हुए तनाव के बीच भारत ने मंगलवार को आधिकारिक रूप से यह घोषणा की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ 19 अगस्त को नई दिल्ली में सीमा मामलों पर गठित किए गए विशेष प्रतिनिधियों की 24 वें दौर की बैठक में इसकी घोषणा की।



### वांग यी ने पीएम को दिया निमंत्रण पत्र

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि चीन के विदेश मंत्री ने एनएसए के साथ हुई बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी से हुई मुलाकात के दौरान उन्हें राष्ट्रपति शी जिनपिंग के संदेश के साथ एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए निमंत्रण पत्र सौंपा। पीएम ने चीन के राष्ट्रपति का धन्यवाद करते हुए एससीओ सम्मेलन के लिए दिए गए उनके निमंत्रण को स्वीकार किया है। साथ ही इस दौरान तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति के साथ मुलाकात शेष पेज 5 पर

### पीएम ने साझा की मुलाकात की तस्वीरें

पीएम ने एक्स पोस्ट में कुछ तस्वीरों के साथ चीन के विदेश मंत्री के साथ हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। पिछले साल 2024 में कजान (रूस का शहर) में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई मेरी मुलाकात के बाद से दोनों देशों के संबंधों में आपसी हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के सिद्धांत के तहत निरंतर प्रगति हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान तियानजिन में होने वाली हमारी अगली मुलाकात का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। भारत और चीन के बीच स्थिर, विश्वसनीय और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### विवाद समाप्ति के बाद कायम हुई शांति

चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि एलएसी विवाद के खत्म होने के बाद दोनों देशों के बीच सीमाओं पर शांति के साथ ही स्थिरता कायम है। बीते करीब नौ महीनों में आपसी संबंधों में भी सुधार देखने को मिल रहा है यानी द्विपक्षीय संबंध और अधिक मजबूत हुए हैं। बैठक में सीमा पर विश्वास को बनाए रखने से जुड़े हुए उपायों और व्यापार जैसे मामलों पर भी चर्चा की गई। डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री को इस बात से अवगत शेष पेज 5 पर

### शीर्ष नेताओं की बैठक का परिणाम

एनएसए ने बैठक में ये भी कहा कि पिछले साल अक्टूबर महीने में कजान में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात से दोनों देशों के संबंधों में एक नया दौर का आगाज हुआ है। जिसने हमें विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने में सहायता प्रदान की है। मौजूदा बैठक भी नए दौर या संस्करण की शुरुआत से ही जुड़ी हुई है। मामले को लेकर हमारा कार्य जारी है। यह उच्च-स्तरीय संवाद एक प्रकार से भारत और चीन दोनों के लिए काफी लाभप्रद रहा है। उन्होंने कहा कि शेष पेज 5 पर

### बीते वर्षों की क्षति किसी के हित में नहीं थी

वहीं, चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बैठक में कहा कि चीनी पक्ष प्रधानमंत्री मोदी की एससीओ सम्मेलन में भाग लेने के लिए की जाने वाली चीन की यात्रा को बहुत महत्व देता है। साथ ही उन्होंने सीमाओं पर शांति, स्थिरता की बहाली को लेकर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि हमारे शीर्ष नेताओं की मुलाकात ने दोनों देशों के विकास की दिशा तय की है। साथ ही सीमा संबंधी मुद्दे के उचित समाधान के लिए प्रोत्साहन भी इसी से मिला है। वांग यी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत शेष पेज 5 पर

अमेरिकी टैरिफ की चुनौती के बीच राहत की बड़ी खबर...

# चीन, भारत को करेगा दुर्लभ खनिजों, उर्वरकों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति



» जयशंकर-वांग यी की बैठक में चीन के विदेश मंत्री ने दिया भारत को इस संबंध में आश्वासन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच चीन की तरफ से भारत के लिए एक बड़ी अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें उसने भारत को दुर्लभ पृथ्वी खनिजों, उर्वरकों और सुरंगों का निर्माण करने वाली मशीनों की आपूर्ति करने को लेकर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बीते 18 अगस्त को नई दिल्ली में हुई दोनों देशों के विदेश मंत्री की द्विपक्षीय बैठक में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने भारतीय समकक्ष विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर को इस संबंध में आश्वासन शेष पेज 5 पर

### 70 फीसदी खनिजों पर चीन का दबदबा

वर्तमान समय में दुर्लभ पृथ्वी खनिजों को उच्च-स्तरीय तकनीक से जुड़े उत्पादों के मामले में काफी महत्वपूर्ण समझा जाता है। जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज मुख्य रूप से शामिल हैं। चीन मौजूदा दौर में इन खनिजों की वैश्विक सप्लाई के मामले में एक बड़ा खिलाड़ी है। भारत को इन खनिजों की निरंतर आपूर्ति की दरकार इसलिए भी है। क्योंकि इनकी मदद शेष पेज 5 पर

### 2023 से चीन से उर्वरक लेता भारत

वहीं, बीते करीब दो वर्ष से अधिक समय से यानी 2023 से चीन बड़ी मात्रा में भारत को उर्वरकों का आयात कर रहा है। पिछले साल 2024 में चीन ने बड़ी तादाद में दुनियाभर के देशों को इनकी सप्लाई रोक दी थी। जून में इस संबंध में प्रतिबंध भी लगाए गए थे। लेकिन भारत के साथ निर्यात की शुरुआत को शेष पेज 5 पर

# राज्यसभा : दिनभर रहा गतिरोध, हंगामे के बीच खनिज विधेयक हो गया पास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मानसून सत्र के तहत मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर हंगामे और गतिरोध से जूझती रही। सुबह की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने "स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन'' के मुद्दे पर चर्चा की मांग उठाई। विपक्षी सांसदों ने संसदीय कार्यवाही रोककर नियम 267 के तहत बिहार मतदाता पुनरीक्षण पर विस्तृत चर्चा की माँग की।सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्ष ने इस मुद्दे पर नोटिस भी दिए थे, लेकिन उपसभापति शेष पेज 5 पर

### खनिज संशोधन विधेयक पारित

लंच ब्रेक के बाद दोबारा शुरू हुई कार्यवाही में हंगामे के बीच ही राज्यसभा ने खनिज एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 को पारित कर दिया। इस विधेयक में देश में महत्वपूर्ण खनिजों के उत्खनन और उनके व्यावसायिक उपयोग को सरल बनाने का प्रावधान है। सरकार का तर्क है कि इससे खनिज क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा।

### विपक्ष का विरोध जारी

विपक्षी दलों ने कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा जारी रखा और एसआईआर पर चर्चा की अपनी मांग दोहराते रहे। उनका आरोप है कि सरकार इस अहम विषय पर बहस से बच रही है। वहीं, सत्तारूढ़ पक्ष और सहयोगी दलों ने विधेयक को समर्थन देते हुए इसे आवश्यक बताया।

### कार्यवाही स्थगित

लगातार शोरगुल के बीच शाम को उपसभापति ने सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। इस तरह आज का दिन विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच खनिज विधेयक पारित होने के साथ समाप्त हुआ।

आज भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 26वें सत्र की करेंगे सह-अध्यक्षता

# अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर जयशंकर

## रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी होगी मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ते दामों पर जारी तेल आयात से बिदके अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में बने हुए तनाव के मध्य विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार को रूस की तीन दिवसीय (19 से 21 अगस्त तक) आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत-रूस की दीर्घकालिक और समय की कसौटी पर परखी हुई विशेष और विशिष्ट सामरिक भागीदारी को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करना है। यहां बता दें कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टेलीफोन पर हुई बातचीत के ठीक अगले दिन जयशंकर रूस की यात्रा पर निकल गए। दोनों शीर्ष नेताओं की इस वार्ता में राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को उनकी अलास्का में शेष पेज 5 पर

### आईआरआईजीसी-टेक की होगी बैठक

विदेश मंत्री बुधवार को व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (आईआरआईजीसी-टेक) पर गठित किए गए भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 26 वें सत्र में रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटूरोव के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे। सत्र के दौरान इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि दोनों पक्षों के बीच रूस के शेष पेज 5 पर

### तेल का बड़ा खरीदार भारत

अमेरिका के टैरिफ के बीच अपना रुख साफ करते हुए भारत ने हाल ही में कहा है कि उसके द्वारा की जा रही ऊर्जा खरीद बाजार की परिस्थितियों और राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर की जा रही है। वर्ष 2022 में यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ने के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद से भारत शेष पेज 5 पर

अंतरिक्ष में 75 टन भार ले जाने के लिए

# 40 मंजिला ऊंचे रॉकेट पर काम कर रहा इसरो

## इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि इसरो 40 मंजिला ऊंची इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रहा है जो 75,000 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकेगा। उन्होंने कहा कि इस साल इसरो के पास एनएवीआईसी उपग्रह, एन1 रॉकेट और अमेरिकी संचार उपग्रह को लॉन्च करने की योजनाएं हैं। नारायणन ओस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। नारायणन



ने पूछा- क्या आप जानते हैं कि पहले रॉकेट की क्षमता क्या थी? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने जो पहला लॉन्चर बनाया था, उसका वजन 17 टन था और यह 35 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकता था। आज हम 75 हजार किलोग्राम पेलोड भेजने वाला रॉकेट बना रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत जितनी होगी।

नारायणन ने बताया कि इसरो इस साल प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह और भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया सैन्य संचार उपग्रह जीसैट-7आर लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) उपग्रह की जगह लेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल कक्षा में भारत के 55 उपग्रह हैं, जो अगले तीन-चार वर्षों में तीन गुना बढ़ जाएंगे।

डॉ. रमन सिंह का न्योता स्वीकार्य, लगी मुहर

# पीएम मोदी करेंगे नए विधानसभा भवन का लोकार्पण, बिड़ला करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

## 1 नवंबर राज्योत्सव के दिन प्रस्तावित है नई विधानसभा का लोकार्पण

नया रायपुर में नवनिर्मित ब्रह्मकुमारी शांति शिखर के नए भवन के लोकार्पण पर भी प्रधानमंत्री ने दी स्वीकृति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ राज्य का जन्मदिन इस बार बेहद ख़ास होने जा रहा है। राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष से लेकर भाजपा अध्यक्ष तक सब की मौजूदगी में राज्योत्सव की धमक ऐतिहासिक होगी। राज्य को आकार लिए 25 वर्ष बीत गए।

झारखंड और उत्तराखंड के साथ बने छत्तीसगढ़ ने कहीं ज़्यादा और कहीं ऊँचा मुकाम हासिल



किया। यही वजह है की इस अवसर का लाभ उठाकर कई परियोजनाओं का शुभारंभ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से कराने की योजना है। पहले चरण में सीम विष्णु देव साय को सफलता मिली जब वे सभी वीआईपी को न्योता देने दिल्ली पहुंचे थे, दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी सफलता हाथ मिली जब पीएम मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ने अलग अलग परियोजनाओं में सम्मिलित होने की हामी भरी। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को 1 नवम्बर 2025 को प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवा रायपुर (अटल नगर) स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन में प्रवेश करने की जानकारी दी। डॉ. रमन सिंह ने शेष पेज 5 पर

### 11 दिन बाद कब्रिस्तान में दफनाया गया शव निकाला

# बेवफाई के शक में किया था पत्नी का कत्ल, पति समेत तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




साउथ दिल्ली के महरौली थाना इलाके में एक शख्स ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक के चलते उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद 30 वर्षीय पत्नी का शव कब्रिस्तान में दफना दिया। इस वारदात में आरोपी ने अपने दो साथियों की मदद भी ली। पुलिस ने आरोपी पति समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी अंकित चौहान के मुताबिक मृतका की एक महिला दोस्त ने 10 अगस्त को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर पता चला कि 31 जुलाई को महिला को उसके पति शबाब अली अपने दोस्तों के साथ कार में ले जाता हुआ दिखा था। पूछताछ में शबाब अली ने कबूल किया कि उसने दो अगस्त को पत्नी को नींद की गोलियां और कीटनाशक देने के बाद गला घोंटकर मार डाला। इसके बाद अपने दो दोस्तों शाहरुख और तनवीर की मदद से रात के अंधेरे में शव को चांदनहौला के कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस ने एसडीएम की मौजूदगी में 15 अगस्त को शव को कब्र से निकलवाया। गिरफ्तार आरोपी शबाब अली (47) और तनवीर (25) पेशे से पेंटर है। शाहरुख (28) इलेक्ट्रिशियन है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली है। वारदात में सहभागी रहे एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### अलग-अलग वारदात को अंजाम देने वाले दो पकड़े

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के ऑपरेशन सेल ने अलग अलग वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक 38 मामले में और दूसरा पांच मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार दोनों हाल में ही तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए थे। उनके पास से चोरी के मोबाइल और साइकिल भी बरामद की गई है। आरोपियों के नाम दिनेश साहनी उर्फ लालू और दीपक बताये गये हैं। दोनों शिव विहार, विकास नगर और नगली जालिब, जनकपुरी के रहने वाले हैं। डीसीपी साउथ वेस्ट अमित गोयल ने बताया कि इनके पकड़े जाने से पुलिस ने सागरपुर सहित दो थानों के मामलों का खुलासा किया है। इनको पकड़ने के लिए एसीपी विजयपाल तोमर की देखरेख में इंस्पेक्टर रामकुमार, एसआई बच्चू सिंह, कांस्टेबल अंशु, महेश सांवरिया की टीम ने काफी सीसीटीवी फुटेज खंगाले तब कहीं जाकर इनके बारे में पता लगा। एक फुटेज में नजर आया कि स्कूटी से पहुंचने के बाद दोनों ने साइकिल चोरी की थी।

# डिलीवरी ब्वॉय से लूटपाट करने वाले तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बटर चिकन ऑर्डर के बहाने की थी लूटपाट
- थप्पड़ मारकर मोबाइल और बाइक लूटी थी

द्वारका जिले की बाबा हरिदास नगर पुलिस ने खाना डिलीवरी करने वाले एक युवक से लूटपाट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने देर रात बटर चिकन का ऑर्डर दिया था। इसके बाद डिलीवरी ब्वॉय को थप्पड़ मारकर उसका मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गये थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम विक्रम, अमित और विजय बताये गये हैं।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी हरियाणा के सोनीपत और दिल्ली के नजफगढ़, सैनिक एंक्लेव के रहने वाले हैं। इनमें से विजय पर पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। लूटपाट की यह वारदात 11 अगस्त को हुई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कंपनी के फुड डिलीवरी ब्वॉय के साथ मेन नजफगढ़ रोड स्थित काली पियाऊ के पास वारदात हुई है। पीड़ित जनार्दन ने पुलिस को बताया कि भरत विहार की एक चिकन बिरियानी शॉप से फुल बटर चिकन का ऑर्डर मिला था। डिलीवरी करने के लिए वह सूरखपुर रोड पर तड़के 3:20 पर पहुंचा। वहीं पर उसके साथ लूटपाट को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने डिलीवरी बॉय का वन प्लस मोबाइल और मोटरसाइकिल लूटी थी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित ने किसी दूसरे के मोबाइल से पुलिस को कॉल की थी। करके मामले की जानकारी दी। इस मामले में एफआईआर दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की। एसीपी नजफगढ़ महेश नारायण की देखरेख में सहायक सब इंस्पेक्टर दयाराम, हेड कांस्टेबल दिलराज, कांस्टेबल सुरेश की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से छानबीन करके इन आरोपियों को दबोचा।

### एबीवीपी ने डूसू कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नेतृत्व दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) कार्यकाल की औपचारिक समाप्ति मंगलवार को हो गई है और हमें यह संतोष है कि हमने अपने अधिकांश वादों को पूरा किया है। डूसू सचिव मित्रविंदा कर्णवाल ने मंगलवार को अन्य पदाधिकारियों के साथ यह जानकारी दी। इन्होंने कहा कि छात्रसंघ का कार्यकाल रील नहीं, रियल उपलब्धियों से लिखा गया। एबीवीपी नीत डूसू ने प्रेस वार्ता कर अपनी उपलब्धियां गिनाई। डूसू ने मंगलवार को डूसू कार्यालय पर आयोजित वार्ता में अपने कार्यकाल का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डूसू की सचिव मित्रविंदा कर्णवाल, उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल एवं प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा उपस्थित रहे। डूसू पदाधिकारियों ने बताया कि एबीवीपी नीत छात्रसंघ ने अपने कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बड़े फैसले लेने पर बाध्य किया। इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पूर्ण कार्यान्वयन, चौथे वर्ष में प्रवेश की व्यवस्था, डीयू के पूर्वी एवं पश्चिमी कैंपस की आधारशिला रखवाना, केंद्रीकृत हॉस्टल आवंटन प्रणाली लागू कराना, आंतरिक शिकायत समिति को प्रभावी बनवाना, "एक कोर्स-एक शुल्क" की नीति पर दबाव बनाना तथा फीस वृद्धि का विरोध कर छात्रों को राहत दिलाना जैसी प्रमुख उपलब्धियां शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### यमुना विहार में जिम के बाहर फायरिंग से सनसनी, आरोपी फरार

**नई दिल्ली।** यमुना विहार इलाके में सोमवार देर शाम एक जिम के बाहर तोबड़तोड़ गोलियां चलने से सनसनी फैल गई। थार में सवार होकर आये लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। भजनपुरा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिये छापेमारी की बात कह रही है। मिली सूचना के अनुसार सोमवार शाम भजनपुरा पुलिस को सूचना मिली थी कि यमुना विहार के न्यू फिट जिम के बाहर गोलियां चली हैं। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस मौके पर पहुंची। सूत्रों का कहना है कि मुख्य आरोपी एक राजनैतिक दल के नेता का भतीजा है। आरोपी का चाचा कुछ समय पहले तक एक जिले में जिलाध्यक्ष रह चुका है और दो बार निगम पार्षद भी रहा है। पता चला है कि पूर्व में हुये झगड़े का बदला लेने के लिये वारदात को अंजाम दिया है।

### संगम विहार में दुकानदार को बंधक बनाकर पीटा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में सोमवार को दुकानदार को बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को एक निजी विवाद से उपजे झगड़े के कारण संगम विहार की गली नंबर 9 में मुकेश कुमार सिंघल (49) पर उनके छोटे भाई समशाद उर्फ भूरी और उनके साथियों ने हमला कर दिया। पीड़ित के माथे और सिर पर गहरे घाव हो गए और बांए हाथ में सूजन आ गई। उन्हें इलाज के लिए बत्रा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पीसीआर कॉल, एमएलसी और पीड़ित के बयान के आधार पर संगम विहार थाने में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

### मोहन गार्डन में अलग अलग जगह दो युवकों की लाश मिली

**नई दिल्ली।** मोहन गार्डन के विपिन गार्डन में अलग-अलग जगह पर दो युवकों की डेड बॉडी मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बॉडी को हरि नगर स्थित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया है। पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। आसपास के थानों में दर्ज मिसिंग रिपोर्ट खंगाली जा रही है। आसपास के लोगों से भी पहचान करवाने की कोशिशें हो रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक बॉडी मोहन गार्डन थाना इलाके के नाला रोड के किनारे मिली, जबकि दूसरी बॉडी विपिन गार्डन के एक पार्क में मिली है।

# ओखला में पतंग उड़ाते समय छत से गिरकर किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जाकिर नगर इलाके में पतंग उड़ाते समय चार मंजिला मकान की छत से गिरकर 12 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहम्मद साद के रूप में हुई है। वह बाटला हाउस स्थित सरकारी स्कूल में छठी कक्षा का छात्र था। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि घटना रविवार शाम करीब चार बजे हुई, जिसमें बटला हाउस स्थित सरकारी स्कूल में छठी कक्षा के छात्र मोहम्मद साद की मौत हो गई। अधिकारी के अनुसार साद का पैर फिसल गया और वह नीचे सड़क पर गिर गया। परिजन उसे होली फैमिली अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तिवारी ने बताया कि आसपास की सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई कि यह एक दुर्घटना थी और इसमें किसी गड़बड़ी की आशंका नहीं है। सोशल मीडिया पर सामने आए दुर्घटना के वीडियो में लड़के का शव सड़क पर पड़ा दिखाई दे रहा है तथा राहगीर उसके माता-पिता को घटना की सूचना देने के लिए दौड़ते दिख रहे हैं।

# स्कूलों को लगातार बम की धमकियों से छात्रों सहित अभिभावक मानसिक रूप से परेशानः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए चिंता व्यक्त की है कि रोज रोज स्कूलों को बम की धमकियां मिलने से लाखों छात्र व उनके अभिभावक मनोवैज्ञानिक परेशानियों से जूझ रहे है। यादव ने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि इस विषय की गंभीरता को समझते हुए सरकार को गहनता से जांच करनी चाहिए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की धमकियों पर कठोरता से रोक लग सके। यादव ने कहा कि स्कूल कॉलेजों सहित शिक्षण संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी भरे कॉल और ईमेल से स्कूलों के छात्र, अभिभावक और स्कूल प्रबंधन अपने को बेहद असुरक्षित, असहाय और डरे हुए महसूस कर रहे है। बीते कल 18 अगस्त को पहले 3 स्कूलों, द्वारका के डीपीएस और मार्डन कान्वेंट स्कूल और ग्रेटर कैलाश के ब्लू बैल्स स्कूल में बम होने की खबर ने हड़कंप मचा दिया था। उसके बाद यह संख्या बढ़ती गई और एक ही दिन में 32 स्कूलों में बम होने की खबर से दिल्ली भर के स्कूलों में भगदड़ का माहौल बन गया। जबकि जुलाई में चार दिनों में 50 से ज्यादा स्कूलों को बम की धमकी मिली थी। वहीं इस वर्ष जनवरी से अगस्त तक 100 से ज्यादा स्कूलों में बम की धमकी मिल चुकी है। जबकि पिछले वर्ष मई 2024 से अभी तक 300 स्कूलों को बम की धमकी मिली है। स्कूल ही नही दिल्ली के कॉलेज आईपी कॉलेज, हिंन्दु कॉलेज और श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को भी ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिली हैं। यादव ने कहा कि स्कूलों में लगातार बम की धमकियां मिलना दिल्ली की चरमरा चुकी कानून व्यवस्था को उजागर करता है। दिल्ली में साईबर क्राईम इस कदर बढ़ रहा है, जिस पर दिल्ली पुलिस नियंत्रण करने में बुरी तरह नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित उपराज्यपाल इस संबंध में स्वयं हस्तक्षेप करके गृहमंत्री को ऐसे अपराध को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने के लिए कार्यवाही की मांग करनी चाहिए। क्योंकि दिल्ली वालों की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी भाजपा की निर्वाचित सरकार की है।

# घर में घुस अधेड़ की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सुंदर नगरी इलाके में हुई वारदात

उत्तर पूर्वी जिले के सुंदर नगर में सोमवार रात एक 48 वर्षीय शख्स की घर में घुसकर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम पन्नालाल बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। क्राइम व एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है लेकिन वारदात के 24 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब सात बजकर 51 मिनट पर सुंदर नगरी के जी ब्लॉक इलाके से चाकू मारे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल पन्नालाल को उसके परिजन जीटीबी अस्पताल ले जा चुके हैं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि भतीजी को डांटने पर भतीजे ने चाचा की हत्या की है। वहीं पन्नालाल के बेटे अजय का आरोप है कि उनका रिश्तेदारों से संपत्ति विवाद चल रहा है। वह जिस घर में रहते हैं आरोपी उस घर में घुसना चाहते हैं। बेटे का आरोप है कि आठ लोगों ने मिलकर पिता की हत्या की है।

# अगस्त महीने की बारिश का कोटा 226.8 मिमी हो चुका है ओवरलोड, और झमाझम बरसेंगे बादल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मानसून के इस मौसम में अगस्त महीने में हो रही झमाझम बारिश के चलते अब तक पूरे महीने का काटा पूरा हो चुका है। पूरा ही नहीं बल्कि कोटे से ओवरलोड बारिश हो चुकी है। जबकि इस महीने के अभी 12 दिन शेष बचे है और मौसम विभाग की मानें तो अभी और बारिश दर्ज होगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के दौरान अगस्त महीने में सबसे अधिक बारिश दर्ज होती है। आईएमडी आंकड़ों के अनुसार अगस्त महीने में औसतन 226.8 मिमी बारिश होती है। जबकि इस बार 1 से 18 अगस्त 2025 के बीच दिल्ली में उक्त सामान्य से कहीं अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। अगस्त के इन 18 दिनों में दिल्ली में 259.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले 12 वर्षों में दूसरी सबसे ज्यादा बारिश के रूप में दर्ज हुई है। इससे पहले 2013 में, बेस स्टेशन सफदरजंग ने अगस्त में मासिक वर्षा 321.4 मिमी दर्ज की थी, जबकि पिछले साल इसी महीने में 390.9 मिमी बारिश मापी गई थी। ऐसे में अनुमान है कि अगस्त के बचे लगभग 12 दिन में और बारिश होना संभव है, ऐसे में चालू महीना इन दोनों रिकॉर्डों को तोड़ सकता है। वहीं निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट का कहना है कि अब दिल्ली में बारिश के लिए मानसून की कम दबाव रेखा और उसका उतार-चढ़ाव मुख्य कारण बने हुए हैं। यह कम दबाव रेखा वर्तमान में राजधानी के दक्षिण में स्थित है और 22 अगस्त 2025 तक इसी स्थिति में रहने की संभावना है। इसके बाद, बंगाल की खाड़ी में बन रही एक मानसून प्रणाली के 23-24 अगस्त के सप्ताहांत में राजस्थान में गहराई तक पहुँचने की उम्मीद है। शेष प्रणाली भी अक्षांश प्राप्त करेगी और कम दबाव रेखा को अपने साथ खींच लेगी। इसके बाद कम दबाव रेखा उत्तर की ओर बढ़ेगी और 23 और 24 अगस्त को दिल्ली के करीब से गुज़रेगी। सोमवार और शुक्रवार के बीच, वर्षा आम तौर पर छिटपुट और अल्पकालिक होगी, लेकिन शनिवार और रविवार, 23-24 अगस्त 2025 को भारी और प्रसार में काफी वृद्धि होगी। सप्ताह के दौरान दिन और रात का तापमान घटेगा। बता दें कि इस अगस्त के शुरुआत से दिल्ली में कई दौर झमाझम बारिश के हो चुके है। जिससे मौसम तो सुहाना हो जाता है लेकिन बारिश दिल्ली वालों के लिए जाम का बड़ा कारण बनती है, जिससे घंटों लोग रहते है। बेशक जल निकासी की जिम्मेदारी सरकारों के साथ ही स्थानीय निकायों की होती है लेकिन उनकी विफलता का दंश आम जनता को ही झेलना पड़ता है। दिल्ली भी इससे अछूती नहीं है।

# युवक की चाकू मारकर हत्या तीन नाबालिगों को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के अशोक विहार में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात सोमवार देर रात अंजाम दी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस ने आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल तीन नाबालिग हत्यारों को पकड़ लिया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात को बी-ब्लॉक इलाके में एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना पीसीआर को मिली थी। घायल व्यक्ति जिसे स्थानीय रूप से चंदन (पहचान अभी स्थापित नहीं हुई है) के नाम से जाना जाता था, को चाकू के घाव के बाद दीप चंद बंधु अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया की झुग्गियों में रहने वाले तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। जांच से पता चला कि आरोपियों का मृतक के साथ पहले भी झगड़ा हुआ था और उन्होंने सोमवार रात को उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। अपराध में प्रयुक्त हथियार और साइकिल बरामद कर ली गई है। अशोक विहार थाने में धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### सदर बाजार में लगने लगे 'स्वदेशी सामान मिलता है' के बैनर, पीएम मोदी की अपील का असर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से किए गए आह्वान का असर दिल्ली की थोक मार्केट सदर बाजार में दिखने लगा है। मोदी की अपील के बाद बाजार के कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर ऐसे बैनर टांग दिए हैं जिन पर लिखा है कि 'यहां स्वदेशी सामान मिलता है'। मोदी की अपील के बाद व्यापारियों के संगठन दिल्ली व्यापार महासंघ ने पहल की और बाजार के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा था कि अपने अपने संस्थानों के बाहर सभी बोर्ड और बैनर लगाएं जिन पर लिखा हो कि यहां स्वदेशी सामान मिलता है। इस बारे में दिल्ली संघ अध्यक्ष देवराज बवेजा ने बताया कि पीएम मोदी की अपील का असर दिल्ली के बाजार में दिखने लगा है। हमने भी दुकानदारों व कारोबारियों से अपील की थी कि वह अपने अपने प्रतिष्ठान पर यहां स्वदेशी सामान मिलता है के बोर्ड व बैनर लगाए। उन्होंने बताया कि मैंने भी अपने प्रतिष्ठान पर बैनर लगा दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए हमने अपनी वीडियो क्लिप व मैसेज के साथ जारी की है। उन्होंने कहा कि हम संघ की तरफ से सभी से अपील करते है कि वह सभी ऐसे ही बैनर बोर्ड आदि अपनी दुकानों पर लगाएं। बावेजा का कहना है कि स्वदेशी अपनाने से हमारे देश की ताकत बढ़ेगी। हमारे देश का पैसा बाहर नहीं जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिल पुत्र** अरविन्द **निवासीः** I-45, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने **Case/FIR No. 243/18 U/s 323/341/34 IPC थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **साहिल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **साहिल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case/FIR No. 243/18 U/s 323/341/34 IPC थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **साहिल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वसुंधरा छौंकर
सीजेएम, कमरा नं. 108
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11056/NW/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीर, पुत्रः सलीम,** पताः **झुग्गी नं. 03, सी–76, फेज–2, मायापुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 62/2024, U/s 25/54/59 Arms Act., थानाः मायापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **समीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 62/2024, U/s 25/54/59 Arms Act., थानाः मायापुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पश्चिम जिला, रूम नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10739/WD/2025 (Court Matter)

### किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे यह प्रस्ताव : ग्रामीण

# घोगा गांव में डॉग शेल्टर हाउस को लेकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आवारा कुत्तों पर आए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद दिल्ली नगर निगम द्वारा दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित घोगा गांव की जमीन पर डॉग शेल्टर हाउस बनाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। इसके लिए गांव के मंदिर प्रांगण में पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत में ग्रामीणों ने गांव की ज़मीन पर डॉग शेल्टर हाउस बनाने के आदेश का कड़ा विरोध किया। पंचायत में सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार और संबंधित एजेंसियों से वैकल्पिक स्थान खोजने की मांग की। पंचायत में ग्रामीण राजेश भारद्वाज, रविश भारद्वाज आदि ने कहा कि वे विकास कार्यों और बुनियादी सुविधाओं का स्वागत करते हैं, लेकिन ऐसी योजनाएं, जो जीवन स्तर को प्रभावित करती हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी आवाज़ को नजरअंदाज किया गया तो वे बड़े आंदोलन की राह पर उतरेंगे। गांव घोगा की 82 एकड़ जमीन पर आने वाले समय में डॉग शेल्टर बनाए जाने की योजना चल रही है। जिसमें करीब 3 लाख कुत्ते एक समय पर रह पाएंगे। निगम की पूर्व कार्यशैली को देखते हुए कल्पना की जा सकती है कि यहां से आने जाने वाले लोगों को कितनी परेशानी होगी।

### घोगा निवासी डेयरी से पहले ही परेशान

ग्रामीणों ने तर्क देते हुए कहा कि जिस जमीन का अधिग्रहण विकास और रोजगार सृजन हेतु किया गया था, वहां डॉग शेल्टर हाउस बनाना पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम ने घोगा गांव की जमीन पर डेयरियां तो बसा दी लेकिन अब तक सुविधाएं नहीं दी, जिसके चलते नरेला बवाना मार्ग से घोगा गांव की तरफ जाने वाले मार्ग और आसपास में गाय सड़कों पर घूमते हैं, जिसके चलते ग्रामीण चोटिल हो रहे हैं। इसके चलते गांव में गंदगी, दुर्गंध और बीमारियों का खतरा है। डॉग शेल्टर बनने और सुविधाएं नहीं देने से समस्या कई गुना बढ़ जाएगी।

### ग्रामीणों से हो रहा है सौतेला व्यवहार

ग्रामीणों ने सरकार पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया कि सरकार एक ही गांव पर बार-बार बोझ डाल रही है, जबकि विकास योजनाओं से वंचित रखा जा रहा है। एमसीडी और अन्य नागरिक एजेंसियों से ग्रामीणों ने अपील की है कि वे डॉग शेल्टर हाउस के लिए किसी अन्य स्थान का चयन करें।

## खबर संक्षेप



### डीयू अतिथि शिक्षक संघ ने किया धरना प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कला संकाय में महाविद्यालयों, एन.सी.डब्ल्यू. ई.वी. तथा एस.ओ.एल. में पढ़ाने वाले अतिथि शिक्षक तथा शोधार्थियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इन्होंने बताया कि हम विश्वविद्यालय प्रशासन से नई स्क्रीनिंग गाइडलाइंस को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में अतिथि शिक्षक संघ कई बार लिखित ज्ञापन भी दे चुका है, बावजूद इसके इनकी सुनवाई अब तक नहीं हुई है। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन ने जब अगस्त 2022 में नियुक्तियां प्रारंभ की तब 50 अंक ए.पी.आई. तक के सभी अभ्यर्थियों को सहायक प्रोफेसर पद के साक्षात्कार हेतु अवसर दिया, लेकिन 4000 नियुक्ति के बाद अचानक सहायक प्रोफेसर भर्ती में बदलाव करके कुछ चुनिंदा लोगों को ही ए.पी.आई. के आधार पर मात्र 40 लोगों को ही अवसर दिया जा रहा है। इसके अलावा भी उन्होंने डीयू प्रशासन के सामने मांगे रखी।

### डूसू अध्यक्ष के कार्यालय में तोड़फोड़, एनएसयूआई ने लगाए आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष रौनक खत्री के वाहन व कार्यालय में हुई तोड़फोड़ को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के प्रदेश संगठन ने आरोप लगाए है। प्रदेश संगठन का कहना है कि डूसू चुनावों के दौरान भी रौनक के कार्यालय पर हमला हुआ था। वहीं इसी वर्ष मई महीने में भी रौनक के डूसू कार्यालय पर हमला हुआ था। उस समय जिन लोगों ने हमला किया था उनके सब जानते है। यह हमला विपक्ष की हताशा व हार का पचा नहीं पाने को दर्शाता है। संगठन का कहना है मामला पुलिस के पास है, हमारी मांग है कि वह निष्पक्ष तरीके से मामले की जांच करके दोषियों को पकड़े। संगठन ने कहा कि बार बार रौनक के कार्यालय पर हमला सीधे संविधान पर हमला है। क्योंकि विवि के छात्रों ने संविधान के तहत मतदान करके रौनक को अध्यक्ष चुना है। ऐसे में विरोधियों को समझना चाहिए कि छात्र उनसे कितने नाराज है। जब से रौनक ने अध्यक्ष के तौर पर छात्र हितों के लिए लड़ाई शुरू की है तभी से विरोधियों की हालत खराब है।

### मनुष्य को मनुष्य बनाने का काम करता है रस : कुलपति

**नई दिल्ली।** रस मनुष्य को मनुष्य बनाने का काम करता है। जीवन से रस निकल जाए तो मनुष्य पर ऐसा प्रभाव होता है जैसे मिट्टी से पानी निकाल देने पर वह रेत हो जाती है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा डॉ. नगेन्द्र व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय व्याख्यान के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि यह संबोधन दिया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार नंदकिशोर आचार्य बतौर मुख्य वक्ता एवं डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी व डीयू सांस्कृतिक परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कला संकाय स्थित सत्यकाम भवन के संगोष्ठी कक्ष में किया गया।

### फायर एंड सेफ्टी के दो प्रोग्राम की काउंसलिंग 22 अगस्त को

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के एमबीए (फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी), प्रोग्राम कोड 185 और पीजीडी (फ़ायर एंड लाइफ सेफ्टी ऑडिट), प्रोग्राम कोड 173, प्रोग्राम की काउंसलिंग ऑफलाइन मोड में द्वारका कैंपस में 22 अगस्त को आयोजित की जाएगी। पीजीडी (फायर एंड लाइफ सेफ्टी ऑडिट) प्रोग्राम के सभी आवेदक को काउंसलिंग के दिन यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम निर्गत 56,500 रुपये का बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने हैं। परियोजना निदेशक प्रो. गगनदीप शर्मा के अनुसार फ़ायर, इंडस्ट्रियल एवं लाइफ सेफ्टी के योग्य पेशेवरों की पूरी दुनिया में मांग बढ़ रही है। उसे देखते हुए ये दोनों प्रोग्राम करियर की असीम संभावनाओं से भरे हैं।

---

नंगे पांव बाढ़ के पानी में उतरी सीएम, यमुना बाजार के पीड़ितों का जाना हाल

# सरकार बाढ़ के हालात पर रख रही है पूरी निगरानी, फिलहाल हालात काबू में : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने और बाढ़ को देखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता स्वयं पूरे हालात पर नजर रख रही हैं। मंगलवार को उन्होंने एक बार फिर बाढ़ग्रस्त इलाके का दौरा किया और बाढ़ प्रबंधन व कंट्रोल सिस्टम का जायजा लिया। इतना ही नहीं यमुना बाजार स्थित बाढ़ग्रस्त बस्ती में मुख्यमंत्री नंगे पांव बाढ़ के पानी में उतर गईं। उन्होंने बाढ़ से पीड़ित लोगों से बात की और आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ है। मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि दिल्ली के यमुना से सटे इलाकों में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है।

मुख्यमंत्री मंगलवार सुबह यमुना बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने बनी बस्ती में पहुंची। उनके साथ बाढ़ से जुड़े विभागों के आला अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री वहां पहले सीढ़ियों से दीवार की ओर पहुंची। उन्हें अंदर बस्ती के लोग छतों व आसपास बाढ़ के पानी के बीच नजर आए। उनके पीछे बाढ़ का तेज पानी लहलहा रहा था। पीड़ित लोगों को देखकर मुख्यमंत्री रुक नहीं पाई। उन्होंने जूतियां उतारी और नंगे पैर बाढ़ के पानी में उतर गईं। किसी को भी यकीन नहीं था कि मुख्यमंत्री अचानक बाढ़ के पानी में उतर जाएंगी। उन्हें बाढ़ के पानी में चलता देख पीड़ित लोग भी उनके पास आने को आतुर नजर आए। मुख्यमंत्री ने उनका हालचाल पूछा और बताया कि सरकार बाढ़ पर निगरानी रखे हुए है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकार की ओर से पूरी तैयारियां हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार उनके साथ खड़ी है। सरकार बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री बाढ़ग्रस्त इलाकों ओर पानी के बीच करीब आधे घंटे तक रहीं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर आज सुबह कुछ समय के लिए 206 मीटर को छूने के आसपास था। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र यमुना के फ्लड प्लेन का लो-लाइन इलाका है, इसलिए पानी यहां तक पहुंच गया, लेकिन इससे आगे नहीं बढ़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली में बाढ़ जैसी कोई भी स्थिति नहीं है। यह जलस्तर का अधिकतम चढ़ाव था और अब पानी उतरने की दिशा में है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।



#### प्रशासन लगातार कंट्रोल रूम से बाढ़ के हालात पर कर रहा है निगरानी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रशासन लगातार कंट्रोल रूम से बाढ़ के हालात की निगरानी कर रहा है। वैसे बाढ़ का पानी जिस गति से आ रहा है, उसी अनुपात में आगे निकल भी रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यहां रहने वाले परिवारों से सरकार ने अनुरोध किया था कि वे अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं, लेकिन कई लोग अभी भी वहीं पर रह रहे हैं। फिलहाल बाढ़ की स्थिति नियंत्रण रखी जा रही है। आवश्यकता होगी तो लोगों को यहां से निकालकर वैकल्पिक आवासों तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यमुना का जलस्तर अब तेजी से नीचे जाएगा और लोगों को किसी गंभीर असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### दिल्ली में यमुना का जलस्तर घटकर 205.65 तक पहुंचा

दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है लेकिन जलस्तर लगातार घट रहा है। कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के पुराने रेलवे पुल पर यमुना नदी का जलस्तर मंगलवार सुबह आठ बजे 205.79 मीटर तक पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद जलस्तर घटने लगा। शाम सात बजे तक यमुना का जलस्तर घटकर 205.65 तक पहुंच गया था। जो अभी भी खतरे के निशान 205.33 से ऊपर है। दरअसल वज़ीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण बढ़ रहा है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, वर्तमान में हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे लगभग 30 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और वजीराबाद बैराज से हर घंटे 68,230 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के लिए चेतावनी चिह्न 204.50 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर है तथा निकासी 206 मीटर पर शुरू होती है।

---

# 'दिल्ली मित्र' एप से होगा सभी शिकायतों का निपटाराः सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में अब सभी शिकायतों का समाधान एक ही एप 'दिल्ली मित्र एप' से किया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का यह निर्णय शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। विशेष बात यह है कि इस एप से दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस, नगर निगम समेत सभी विभागों से जुड़ी शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। शिकायतों का हर हाल में समाधान करने के लिए सिस्टम को बेहद मजबूत बनाया गया है और निगरानी की ठोस व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एप दर्ज शिकायत का जब तक समाधान नहीं हो जाएगा, तब तक वरिष्ठ अधिकारी उस पर निगाह रखेंगे। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली के लोग अब इस ऑनलाइन सिंगल विंडो के जरिए चार आसान माध्यमों से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे, इनमें वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन, व्हाट्सएप और कॉल सेंटर शामिल हैं। लोग दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस, डीडीए, दिल्ली नगर निगम, एनडीएमसी, दिल्ली कैंट से जुड़ी शिकायतें यहां दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने बताया जो लोग कागज पर लिखी शिकायतें देंगे, उन्हें डिजिटलाइज कर इस एप में डाल दिया जाएगा। इन शिकायतों को मुख्यमंत्री कार्यालय, सभी कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचिव व सभी विभागों के कार्यालयों में जमा किया जा सकेगा।

#### मोबाइल ओटीपी के जरिए एप पर लॉगिन कर सकेंगे दिल्ली के लोग

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहा कि दिल्ली के लोग अपने मोबाइल ओटीपी के माध्यम से पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप पर लॉगिन कर सकेंगे। प्रत्येक शिकायत के लिए 100 प्रतिशत फीडबैक का प्रावधान होगा। यदि कोई नागरिक निवारण से संतुष्ट नहीं होता, तो उसकी नकारात्मक प्रतिक्रिया के आधार पर शिकायत स्वतः उच्च अधिकारियों तक पहुंच जाएगी, ताकि बेहतर निवारण हो सके। अगर शिकायतकर्ता फिर भी संतुष्ट नहीं है तो उसे तीसरा अवसर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार विशेष बात यह है कि शिकायत दर्ज होने के बाद उसकी स्थिति की जानकारी नागरिकों को प्रत्येक चरण पर एसएमएस अलर्ट के माध्यम से दी जाएगी।

#### अगले दो माह के भीतर लागू होगा निर्णय

मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यह प्रणाली आगामी दो माह के भीतर लागू कर दी जाएगी। इसके पश्चात धीरे-धीरे दिल्ली सरकार के मौजूदा पीजीएमएस को भी इस नए मंच में एकीकृत कर दिया जाएगा, ताकि शिकायत निवारण के सभी साधन एक ही जगह उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दिल्ली मित्र' एप केवल एक तकनीकी पहल नहीं है, बल्कि यह दिल्ली सरकार की उस सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें नागरिक सर्वोपरि हैं। हमारी सरकार चाहती है कि प्रत्येक नागरिक को यह विश्वास हो कि उसकी बात सुनी जाएगी और उसका समाधान समय पर होगा। यह पहल दिल्ली को सुशासन की दिशा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

---

# अब नर्सिंग इंटर्न्स का मासिक स्टाईपेंड 500 रुपये से बढ़कर 13 हजार 150 रुपए हो जाएगा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली कैबिनेट ने नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाईपेंड को 27 गुना बढ़ोतरी की दी मंजूरी

दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को एमबीबीएस नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाईपेंड में 27 गुणा बढ़ोतरी करने को मंजूरी दी है। यह निर्णय दिल्ली सरकार के सभी तीनों नर्सिंग कॉलेजों पर लागू होगा। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि अब नर्सिंग इंटर्न्स मासिक स्टाईपेंड 500 रुपये से बढ़ाकर 13,150 रुपये कर दिया गया है। यह वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी और सभी पात्र नर्सिंग इंटर्न्स पर उनकी इंटर्नशिप अवधि के दौरान लागू होगी। इस प्रकार नर्सिंग पेशेवरों के परिश्रम और सेवा को केंद्र सरकार द्वारा तय मानकों के अनुरूप मान्यता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री के अनुसार यह यह निर्णय लंबे समय से प्रतीक्षित था। अब नर्सिंग इंटर्न्स अपने प्रशिक्षण के दौरान न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होंगे बल्कि उन्हें यह भी महसूस होगा कि उनकी मेहनत और सेवा को सरकार द्वारा उचित सम्मान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। चाहे अस्पतालों में रोगियों की देखभाल हो, कठिन परिस्थितियों में आपात सेवाएं देना हो अथवा स्वास्थ्य शिविरों में समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना हो, नर्सिंग स्टाफ सदैव अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरे समर्पण के साथ करता है। उनके बिना स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की कल्पना अधूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाईपेंड में यह पर्याप्त बढ़ोतरी कर उनके अथक परिश्रम और सेवाभाव को सम्मानित किया है। सरकार चाहती है कि नर्सिंग पेशे को अपनाने वाले युवाओं को उनके प्रशिक्षण के दौरान उचित सहयोग और मान्यता मिले, ताकि वे भविष्य में और अधिक उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं दे सकें।

#### स्टाइपेंड बढ़ने से नर्सों का उत्साह और मनोबल बढ़ेगा : डॉ. पंकज

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नर्सों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी से उनका उत्साह और मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह निर्णय केवल आर्थिक सहयोग का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह उस दृष्टिकोण का भी द्योतक है जिसके अंतर्गत दिल्ली सरकार अपने स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सरकार का मानना है कि यदि नर्सिंग और मेडिकल पेशेवरों को बेहतर कार्य परिस्थितियां और लाभ मिलें तो वे और अधिक कुशलता के साथ नागरिकों की सेवा कर सकते हैं। स्टाइपेंड में बढ़ोतरी कर हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि नर्सिंग इंटर्न्स को वह सम्मान, गरिमा और आर्थिक सहयोग मिले जिसके वे हकदार हैं।

---

# गुरुद्वारा कमेटी ने गुरुतेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष पदों पर की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुतेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष पदों पर नव नियुक्तियां कर दी है। इसमें बीबी रंजीत कौर को गुरुतेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की चेयरपर्सन, और अमरजीत सिंह फतेह नगर को चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। संस्थान में दोनों ने मंगलवार को पद ग्रहण किया, इस अवसर पर आयोजित समारोह में कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों सहित अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में कमेटी अध्यक्ष कालका व काहलों ने कहा कि 2021 से पहले कोरोना काल में उनकी टीम ने संगत की सेवा की और 14 महीनों तक दिल्ली के बॉर्डर पर धरना दे रहे किसानों की सेवा भी की। इसके साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी सेवा की गई, जिसके परिणामस्वरूप 2021 के चुनावों में संगत ने उन्हें फिर से सेवा का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों से संगत के सहयोग से गुरुद्वारों के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत से कार्य किया गया, जिसके लिए वे पूरी संगत के आभारी हैं। इस अवसर पर कालका और काहलों ने विरोधियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले समय में दिल्ली की संगत के लिए बहुत कठिन समय था, जब परमजीत सिंह सरना और हरविंदर सिंह सरना के फैसलों के कारण एक ही समय पर गुरु पर्व और संगरांद नहीं मनाए जा सके। क्योंकि दोनों भाइयों ने कौम में भ्रम की स्थिति पैदा की हुई थी। उन्होंने कहा कि इन दोनों भाइयों ने हमेशा दिल्ली की संगत को गुमराह किया और अकाली दल को विभाजित करने में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि उनकी पक्षपाती राजनीति के कारण ही संगत ने इन्हें सेवा से दूर कर दिया। अब ये दोनों गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 350वां शहीदी दिवस दो अलग-अलग स्थानों पर मनाने की योजना बना रहे हैं और शिरोमणि कमेटी से अपील कर रहे हैं कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी से अलग कार्यक्रम रखें।

---

# एमसीडी पार्कों के सौंदर्यकरण के लिए आगे आए संस्थाएं : प्रवेश वाही

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम(एमसीडी) के पार्कों को बेहतर करने के लिए निगम में नेता सदन प्रवेश वाही ने एनजीओ, आरडब्लूए के पदाधिकारियों से आगे आने का आह्वान किया है। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम प्रशासन अपने पार्कों को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित करने और उनका सौंदर्यीकरण करने की योजना बना रहा है। इसके लिए एमसीडी स्वयं पार्कों में बिजली पानी का प्रबंधन करेगा बस रखरखाव और सौंदर्यीकरण में एनजीओ व आरडब्ल्यूए को सहयोग करना होगा। नेता सदन प्रवेश वाही ने बताया कि इसके लिए एमसीडी प्रत्येक पार्क में एक एकड़ के हिसाब से 15 हजार रुपए प्रतिमाह उपलब्ध कराएगी। यदि पार्क का एरिया कम या अधिक हुआ तो उसके हिसाब से राशि दी जाएगी। प्रवेश वाही ने बताया कि एमसीडी के अंतर्गत 5 हजार से अधिक पार्क है। हालांकि, एमसीडी के 12 जोनों में विशिष्ट रूप से यह संख्या अलग-अलग स्रोतों में भिन्न हो सकती है।

# डेंगू मुक्त वार्ड बनाने वाले इंस्पेक्टर होंगे सम्मानित : नीता बिष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ निगम की मलेरिया निरोधक उपाय समिति की बैठक में हुई चर्चा

दिल्ली नगर निगम की 'मलेरिया निरोधक उपाय समिति' की मंगलवार को सिविक सेंटर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष नीता बिष्ट ने की। बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने साफ कहा कि निगम का जो वार्ड इस मानसून सीज़न में 'डेंगू मुक्त रहेगा', वहां के संबंधित 'स्वास्थ्य निरीक्षक को सम्मानित किया जाएगा'। नीता बिष्ट ने अधिकारियों और कर्मियों को 'बेहतर और ईमानदारी से कार्य करने' के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में निगम की ज़िम्मेदारी और बढ़ जाती है। ऐसे में प्रत्येक वार्ड में स्वास्थ्य विभाग की टीमों को 'घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना', मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताना और 'दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करना' अनिवार्य है। बैठक में समिति के सदस्य और निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के निगम स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहें।

अध्यक्ष नीता बिष्ट ने यह भी चेतावनी दी कि यदि किसी वार्ड में निगम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं होता है, तो वहां पहले प्रेम से बात करे और यदि फिर भी बीमारियां फैलाने के संकेत मिले तो 'सख्ती से कार्रवाई की जाए'। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया की रोकथाम केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें नागरिकों का भी सहयोग जरूरी है।

# सीएम श्री स्कूलों में 5 दिनों में 50 हजार से अधिक आवेदन हुए प्राप्त : सूद

**नई दिल्ली।** सीएम श्री स्कूलों के प्रति दिल्ली के छात्र आकर्षित हो रहे हैं। आलम यह है कि महज 5 दिनों में ही 50 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दी है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से हाल ही में शुरू किए गए सीएम श्री स्कूलों को जनता से सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। सीएम श्री स्कूलों में 15 अगस्त से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने के बाद से सिर्फ 5 दिनों में शिक्षा विभाग को हजारों बच्चों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। जो इस ऐतिहासिक शैक्षणिक पहल के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है। शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि सीएम श्री स्कूलों में मिले इस उत्साहजनक परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि दिल्ली के पेरेंट्स शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव के लिए तैयार हैं। हम सभी आवेदकों के लिए प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे हैं।

---

एमसीडी अधिकारियों पर हमला कर उनके वाहनों को किया था क्षतिग्रस्त

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं 'नो डॉग ऑन स्ट्रीट्स' अभियान के संयोजक विजय गोयल मंगलवार को रोहिणी पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने उन तथाकथित कुत्ता प्रेमियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की, जिन्होंने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेशों की अवहेलना करते हुए न केवल सरकारी कार्य में बाधा डाली बल्कि एमसीडी अधिकारियों पर हमला कर उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त भी किया। गोयल ने कहा कि 11 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय ने साफ आदेश दिए थे कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की सभी सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम्स में भेजा जाए, ताकि उनकी देखभाल और भोजन का उचित प्रबंध हो सके। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि किसी को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि आदेश स्थगित है। आदेश पूरी तरह लागू है और सभी प्राधिकरणों को इसे सख्ती से पालन करना होगा।



#### कुत्ता प्रेमियों ने अधिकारियों के साथ हाथापाई की

विजय गोयल ने बताया कि सोमवार को रोहिणी सेक्टर-16 और सेक्टर-3 में जब एमसीडी की टीमें आवारा कुत्तों को पकड़ने पहुंचीं, तो तथाकथित कुत्ता प्रेमियों ने अधिकारियों के साथ हाथापाई की, उनके वाहनों को तोड़ा, धमकियां दीं और पकड़े गए कुत्तों को छुड़ा लिया। यह न केवल न्यायालय की अवमानना है बल्कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है।

#### बाधा डालने वाले के खिलाफ होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

गोयल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार काटने या हमला करने वाले कुत्तों को प्राथमिकता से हटाना होगा।, किसी भी पकड़े गए कुत्ते को दोबारा सड़क पर नहीं छोड़ा जाएगा। और जो व्यक्ति या संगठन इस काम में बाधा डालेगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने अपनी शिकायत की प्रति दिल्ली नगर निगम को भी भेजी है, ताकि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा सके।

---

# सितंबर के अंत तक फिर शुरू होगा नरेला रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य : रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पिछले करीब आठ महीनों से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप

अंबाला रेलवे लाइन पर दिल्ली का अंतिम रेलवे स्टेशन नरेला इन दिनों विकास कार्य की धीमी रफ्तार और सरकारी उदासीनता का शिकार बना हुआ है, जिसे लेकर रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस मामले में रेलवे प्रशासन ने कहा कि नरेला स्टेशन से होकर गुजरने वाली तीसरी और चौथी रेलवे लाइन के निर्माण के नए प्रस्ताव के कारण नरेला स्टेशन के पुनरनिर्माण की योजना में संशोधन किया जा रहा है। संशोधन को अंतिम रूप दिए जाने के बाद सभी प्रस्तावित कार्य पूरे कर लिए जाएँगे। वर्तमान में, प्लेटफ़ॉर्म और शौचालय ब्लॉक का कार्य प्रगति पर है। स्टेशन निर्माण का कार्य सितंबर के अंत तक फिर से शुरू हो जाएगा। नरेला क्षेत्र के लोगों ने विधायक राजकरण खत्री से निवेदन किया है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर इस कार्य में आई बाधाओं को दूर कराएं।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत इस स्टेशन के सुधार कार्य का ऑनलाइन शुभारंभ किया गया था। उस अवसर पर नरेला रेलवे स्टेशन परिसर में टेंट लगाकर विशेष कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें स्थानीय सांसद हंसराज हंस, पूर्व विधायक नील दमन खत्री और भाजपा के अनेक स्थानीय नेताओं ने शिरकत की थी। उद्घाटन के समय यात्रियों और नागरिकों के बीच स्टेशन के कायाकल्प की बड़ी उम्मीद जगी थी।

## खबर संक्षेप

### मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने रविवार की रात में दो अलग-अलग मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों में एक मोबाइल फोन लुटेरा है जबकि दूसरा बावरिया गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है । रविवार की रात में थाना मसूरी पुलिस जेल नाहल रोड पर स्थित मसूरी झाल कट के पास चेकिंग कर रही थी।



### बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट : डीसी

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद प्रशासन यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पूरी तरह से सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि ताजेवाला बैराज नई दिल्ली स्थित ओखला बैराज पर जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अपस्ट्रीम गेज डाउनस्ट्रीम गेज पर लगातार नजर रखी जा रही है। हिंडन बैराज से छोड़े जाने वाले पानी पर लगातार निगरानी की जा रही है।



### धरने को निगम ने धराशायी किया

**फरीदाबाद।** रेफर मुक्त संघर्ष समिति के धरने को 270वें दिन बाद नगर निगम ने धराशायी कर दिया। यह धरना नगर निगम मुख्यालय के सामने चल रहा था। गौरतलब है कि रेफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा व रेफर मुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने स्वास्थ्य संबंधी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नागर, विधायक धनेश अदलक्खा, मूलचंद शर्मा, सतीश फागना, मेयर प्रवीन बत्रा आदि को ज्ञापन दिया था।



# विश्व फोटोग्राफी दिवस- एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने किया फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन

### एनसीआरटीसी ने प्रतिभाशाली फोटोग्राफरों को हज़ारों नमो भारत यात्रियों के सामने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का मंच प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर, एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने मंगलवार को आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर न्यूरोडाइवर्स कलाकारों द्वारा क्यूरेट की गई एक फोटो प्रदर्शनी, 'सितारे नमो भारत में', का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एनसीआरटीसी के निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी के माध्यम से एनसीआरटीसी इन प्रतिभाशाली फोटोग्राफरों के अपनी प्रतिभा को एक साथ हज़ारों नमो भारत यात्रियों के सामने प्रस्तुत करने का मंच प्रदान कर रहा है।

### आनंद विहार नमो भारत स्टेशन बना समावेशिता, रचनात्मकता और न्यूरोडाइवर्स कलाकारों के सशक्तिकरण का एक मंच



साथ ही, यह दर्शकों के लिए भी एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है कि वे इन न्यूरोडाइवर्स कलाकारों की नज़र से दुनिया को देख और समझ सकें। इन तस्वीरों में न केवल इन कलाकारों की रचनात्मकता, बल्कि दुनिया के प्रति उनका दृष्टिकोण भी कैद है, जिसे अब सभी देख और सराह सकते हैं।
गोयल ने प्रतिभागी फोटोग्राफरों से बातचीत भी की। उन्होंने प्रदर्शित तस्वीरों से संबंधित अपने दृष्टिकोण, अपने अनुभव और प्रेरणाएँ प्रबंध निदेशक से साझा कीं।

भाग लेने वाले फोटोग्राफरों को उनकी प्रतिभा और समर्पण के लिए एनसीआरटीसी द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिंह देकर सम्मानित भी किया गया। स्टेशन के कॉन्कोर्स लेवल पर आयोजित यह प्रदर्शनी सामाजिक समावेशिता की भावना को दर्शाती है और अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) जैसी न्यूरोडाइवर्सिटीज़ संबंधी स्थितियों के बारे में जागरूकता पैदा करती है। यह एनसीआरटीसी के समावेशिता तथा सार्वभौमिक पहुँच के मूल्यों के अनुरूप है।

### प्रदर्शनी 6 सितंबर तक आम जन के लिए

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि यह प्रदर्शनी नो डिसेबिलिटी,ओआरजी के सहयोग से आयोजित की जा रही है। यह एक अनूठी पहल है जिसमें रचनात्मक वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से बौद्धिक और विकासात्मक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाया जाता है। यह प्रदर्शनी 6 सितंबर 2025 तक आम जनता के लिए है।

### निगम आयुक्त की पहल, हर वार्ड में पहुंचकर सुनेंगे लोगों की समस्याएं

# सरकारी जमीनों पर निशानदेही के आदेश, अतिक्रमण को लेकर चलाया जाएगा स्पेशल ड्राइवः कमिश्नर खड़गटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने मंगलवार को नई पहल करते हुए वार्ड 28 में अधिकारियों की टीम के साथ किया दौरा। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि धरातल पर चल रही विकास कार्यों की योजनाओं का स्टेटस मौके पर पहुंचकर देखा वहीं अतिक्रमणों को लेकर भी सोमवार से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, उन्होंने उस अवसर पर समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को आश्वासन दिया की उनकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। निगम आयुक्त ने कहा कि एक-एक करके सभी वार्डो का दौरा किया जाएगा। फरीदाबाद के नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने मंगलवार को नई पहल करते हुए फरीदाबाद के तमाम वार्डो का दौरा करने का अभियान शुरू किया है। ताकि हर वार्ड में, समस्याओं की जानकारी के साथ-साथ धरातल पर चल रही योजनाओं के विकास कार्यों की जानकारी ली जा सके तथा जहां-जहां एंक्रोचमेंट अतिक्रमण है उन्हें भी चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके।

**खास बातें**

- वार्डो का दौरा करने का अभियान शुरु
- अतिक्रमणकारियों को लेकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश
- विकास कार्यों की जानकारी ली

### हर वार्ड में जाकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा



हर वार्ड में जाकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा, जिसके चलते मंगलवार को वार्ड नंबर 28 में अपनी टीम के साथ पहुंचे थे जहां उनके साथ एक्सईएन महेन्द्र सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नीतीश परवाल, एसडीओ पंकज संबंधित जेई सुमित, सफाई जोन इंचार्ज ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि आज वार्ड नंबर 28 से उन्होंने विशेष अभियान की शुरुआत की है और यहां, मंत्री जी के रिप्रेजेंटेटिव वार्ड पार्षद मौजूद रहे । वार्ड के पार्षद उमेश शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि आज हमारे वार्ड में नगर निगम कमिश्नर, एक्सईएन और तमाम एसडीओ और जेई ने हमारे गांव का और इलाके का दौरा किया है। पार्षद ने बताया कि जहां-जहां उनके इलाके में एंक्रोचमेंट है उन्हें दिखाया गया है साथ ही, जो कॉलोनियां अभी तक नियमित नहीं हुई है उनका दौरा भी करवाया गया है ताकि ये कालोनियां जल्द पास हो सकें।

**समस्याओं को दूर करने का बीड़ा उठाया**

*उन्होंने कहा कि यह पहले कमिश्नर हैं जो हर क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं इससे जनता में भी खुशी की लहर है। वार्ड के पार्षद उमेश शर्मा ने बताया कि फरीदाबाद में जब से नगर निगम का गठन हुआ है ऐसा पहली बार है जब किसी कमिश्नर ने प्रत्येक वार्ड में जाकर वहां की वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी लेने और उन समस्याओं को दूर करने का बीड़ा उठाया है, जिसे लेकर लोगों में हर्ष की लहर है और उम्मीद है कि आप अब उनके वार्ड के अंदर समस्याएं दूर होगी और विकास कार्य तेज होंगे। इस मौके पर ग्रामीण बुधराम शास्त्री, मास्टर राम रतन, जवाहर लाल, सुनील, मुकेश शर्मा, शिवकुमार सहित तिलपत गांव की सरदारी मौजूद रही।*

### भारत के सपने को साकार करने 'उगाओ' अहम भूमिका निभा रहा

# बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ बने 'उगाओ' के ब्रांड एम्बेसडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



भारत की प्रमुख गार्डनिंग कंपनी 'उगाओ' ने बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। जैकी श्रॉफ के साथ यह साझेदारी उगाओ के लिए एक अहम कदम है, जिससे यह शहरी ग्राहकों की पसंदीदा ग्रीन ब्रांड से आगे बढ़कर अब देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी अपनी पहचान मजबूत करेगा।
एक दशक से हरियाली से भरपूर भारत के सपने को साकार करने में उगाओ अहम भूमिका निभा रहा है। इस ब्रांड ने शहरों में रहने वाले लोगों के सोचने और प्रकृति से जुड़ने के तरीके को बदलने में मदद की है। उगाओ अपनी अगली विकास यात्रा में देश के छोटे शहरों और कस्बों तक पहुँच रहा है, तो उसे सिर्फ एक कैंपेन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक सेतु की जरूरत थी, जिसके लिए बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ इस भूमिका में बिल्कुल फिट बैठते हैं। गले में स्पाइडर प्लांट डालकर कार्यक्रमों में पहुँचना और हर जगह हरियाली का संदेश देना, तो कभी अपने ऑर्गेनिक फार्म की देखभाल दर्शाता है कि प्रकृति से जैकी का गहरा संबंध है।

# कैंसर के ट्यूमर ने बंद कर दी थी सांस की नली, 42 साल की महिला मौत के करीब थी, अमृता अस्पताल की टीम ने दी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अमृता अस्पताल की टीम द्वारा कजाकिस्तान की 42 साल की महिला फेफड़ों के कैंसर की पुनरावृत्ति के कारण मौत के मुहाने पर पहुंच गई थीं। उनके गले की सांस की नली (ट्रेकिया) का निचला हिस्सा ट्यूमर से पूरी तरह बंद हो चुका था। वे वेंटिलेटर पर थीं और खुद सांस नहीं ले पा रही थीं। दिल्ली के एक अस्पताल में कई दिनों तक इलाज की कोशिशें नाकाम रहीं। सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी और वेंटिलेटर पर रहते हुए कैंसर का इलाज संभव नहीं था। ऐसे में उन्हें अमृता अस्पताल फरीदाबाद में रेफर किया गया, जहां एक विशेष टीम डॉ. अर्जुन खन्ना, डॉ. सौरभ पाहुजा और डॉ. प्रदीप बाजद ने केस अपने हाथ में लिया।

### भावुक मरीज ने कहा यह मेरे लिए नया जीवन

मरीज की सांस की नली लगभग पूरी तरह बंद थी और वह एक हफ्ते से वेंटिलेटर पर थीं। हमने ब्रॉन्कोस्कोप से ट्यूमर का हिस्सा हटाकर नली में स्टेंट डालने का निर्णय लिया, बताया डॉ. सौरभ पाहुजा ने जिन्होंने इस प्रक्रिया का नेतृत्व किया।
उन्नत तकनीक से हुई इस प्रक्रिया के बाद नली तुरंत खुल गई थी। अगले दिन ही मरीज वेंटिलेटर से मुक्त होकर खुद सांस लेने लगीं और तीसरे दिन घर जाने के लिए तैयार हो गई थीं। बल्कि मरीज फिर से कीमोथेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसे इलाज के लिए भी सक्षम हो गईं। बिना इस प्रक्रिया के उनकी जान पर गंभीर खतरा बना रहता। डा. पाहूजा ने कहा कि ऐसे मामलों में हर पल कीमती होता है। इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी ऐसे मरीजों के लिए आखिरी उम्मीद हो सकती है। भावुक मरीज ने कहा कि मैं इलाज की उम्मीद में भारत आई थी, लेकिन वेंटिलेटर पर पहुंच गई थी। आज मैं चल रही हूं, सांस ले रही हूं और जिंदा घर लौट रही हूं। यह मेरे लिए नया जीवन है।

### पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की

# अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी की गला रेत कर दी हत्या, पति फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मोदीनगर थाना क्षेत्र के गड़ाना गांव में अवैध संबंधों के शक में एक पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गला रेत कर नृशंस हत्या कर दी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि टायर पंचर लगाने का काम करने वाले युवक ने पहले सोमवार की रात में अपनी पत्नी की बुरी तरह से पिटाई की और उसके बाद चाकू से गला रेत दिया।
सुबह को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है डीपी ग्रामीण फैशन त्रिपाठी का कहना है कि मामले के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन कर दिया गया है। जल्दी ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। मरने वाली महिला का नाम स्वाति (26 वर्ष) है। स्वाति की शादी तीन साल पहले गाड़ना गांव के रहने वाले जितेंद्र प्रजापति के साथ हुई थी। जितेंद्र प्रजापति मोदीनगर में टायर पंचर लगाने का काम करता है उनके 14 माह का एक बच्चा भी है। महिला के मायके वालों ने बताया की शादी कि कुछ दिन बाद ही जितेंद्र और स्वाति के बीच अनबन रहने लगी।
जितेंद्र उसको आए दिन ताने देता था और मारपीट करता था। इसके चलते एक साल स्वाति अपने मायके में रही थी लेकिन बाद में सफाई सुलह के बाद उन्होंने उसको जितेंद्र के साथ भेज दिया था एसपन तिवारी ने बताया कि रात में जितेंद्र के माता और पिता बरम देने सोए हुए थे तब की जितेंद्र और उसकी पत्नी स्वामी कमरे में थे। आपसी विवाद होने पर जितेंद्र ने पहले स्वाति की बुरी तरह से पिटाई की उसके बाद चाकू से उसका गला रेत दिया और फरार हो गया।

# नारेडको अधिवेशन में एनसीआर के शहरों पर होगा फोकस

**गुरुग्राम।** नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) का हरियाणा चैप्टर नई दिल्ली में 29-30 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले नारेडको नेशनल के 17वें राष्ट्रीय अधिवेशन की घोषणा कर रहा है। यह अधिवेशन भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सहयोग से होगा।
अधिवेशन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के प्रमुख शहरों गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत आदि पर विशेष फोकस रहेगा। एनसीआर को विकास यात्रा के इंजन के रूप में पहचाने जाने वाले हरियाणा ने शहरीकरण, औद्योगिक विकास और रियल एस्टेट नवाचार में नई ऊंचाइयों को छुआ है। नियोजित शहरी विस्तार, आधारभूत संरचना में निवेश और संगठित आवासीय व वाणिज्यिक विकास की बढ़ती मांग ने राज्य की प्रगति को और गति दी है। राज्य सरकार के निरंतर सहयोग और प्रगतिशील नीतियों ने इस सकारात्मक रुझान को और मजबूत किया है। नारेडको हरियाणा के अध्यक्ष प्रवीन जैन ने कहा कि आज हरियाणा प्रगति के पथ पर अग्रसर है, जहाँ रियल एस्टेट और औद्योगिक गतिविधियाँ बेहद सक्रिय हैं। आने वाले समय में तेज और पारदर्शी अनुमोदन प्रक्रिया, अंतर-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और आवास योजनाओं में स्पष्टता हमारी प्राथमिकताएँ रहेंगी।

### निगम करा रहा है हिंडन शमशान घाट का सौंदर्यीकरण

# शिव की जटा से निकलने वाले जल से होगा शव का अंतिम स्नान

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हिंडन नदी के समीप स्थित शमशान घाट को व्यवस्थित करने तथा सौंदर्यकरण करने का कार्य तेजी से चल रहा है जिसके अंतर्गत आधुनिक शवदाह गृह का कार्य भी लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है सितंबर माह में निगम द्वारा शुरुआत की जाएगी, कम धुआं देने वाले आधुनिक दाह संस्कार संयंत्र स्थापित हो चुके है, दो संयंत्र गैस के तथा एक संयंत्र लकड़ी वाला लगाया गया है जिसमें विशेष रूप से गोबर की बनी हुई लकड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा, ग्रीन रेवोल्यूशन फाउंडेशन के माध्यम से तेजी से कार्य कराया जा रहा है, मोक्ष स्थल पर शव यात्रा के साथ आए हुए लोगों के बैठने के लिए भी पर्याप्त स्थान बनाया जा रहा है तथा हिंडन शमशान घाट का सौंदर्य करण भी किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। शमशान घाट पर 40 से अधिक प्लेटफॉर्म बने हुए हैं जिनमें एक बार में 400 से 500 किलो लकड़ियों के माध्यम से अंतिम संस्कार की कार्यवाही की जाती है जिसमें कुछ सुधार करते हुए गाजियाबाद नगर निगम तीन आधुनिक तकनीकों के दाह संस्कार संयंत्र लगाए गए हैं जिनके माध्यम से हिंदू धर्म की सभी क्रियाएं भी पूर्ण रूप से हो सकेंगे ।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू** उर्फ **सुशील** उर्फ **गंजा** पुत्र राजू, निवासी गोएला मोहल्ला, नया बारात घर के पास, चिल्ला गांव, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 298/2022 धारा 356/379 भा.दं.स. थाना मंडावली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** उर्फ **सुशील** उर्फ **गंजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** उर्फ **सुशील** उर्फ **गंजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिंलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 298/2022 धारा 356/379 भा.दं.स. थाना मंडावली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सोनू** उर्फ **सुशील** उर्फ **गंजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **08.12.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री सचिन,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी - 03,**
**पूर्वी जिला, कोर्ट संख्या 16,**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।**

DP/10982/ED/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल कुमार उर्फ मास** पुत्र महेंद्र सिंह **निवासी** मकान नं. 130 रोज़री स्कूल के पीछे, धीरपुर गाँव, दिल्ली, ने **FIR No. 80038233/2024, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मॉडल टाउन, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल कुमार उर्फ मास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल कुमार उर्फ मास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 80038233/2024, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन मॉडल टाउन, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राहुल कुमार उर्फ मास** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,**
**(उत्तर), कोर्ट नं0–213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/11055/NW/2025
(Court Matter)

## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 173752 तृतीय आमंत्रण 14.08.2025 | जिला एम.सी.बी. के अटल चौक से कोड़यापारा पहुंच मार्ग लं. 3.05 कि.मी. पुल - पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 291.60 |
| 2 | 173753 द्वितीय आमंत्रण 14.08.2025 | जिला दन्तेवाड़ा वि.ख. गीदम में शासकीय महाविद्यालय जावंगा गीदम का भवन निर्माण कार्य, विद्युतिकरण सहित । | 458.724 |
| 3 | 173755 द्वितीय आमंत्रण 14.08.2025 | जिला कबीरधाम वि.ख. पंडरिया के ग्राम कोदवागोड़ान में शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय में 100 सीटर बालक छात्रावास भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बाऊण्ड्रीवॉल, पहुंच मार्ग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण का कार्य । जमा कार्य। | 264.29 |
| 4 | 173758 तृतीय आमंत्रण 14.08.2025 | जिला बेमेतरा के ताकम डोंगाघाट से डंगनिया बस्ती मार्ग के शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 1529.66 |
| 5 | 173760 द्वितीय आमंत्रण 14.08.2025 | नाबार्ड पोषित योजनांतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय कमलेश्वरपुर जिला सरगुजा का भवन निर्माण कार्य, जमा मद। | 449.45 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 सं.क्र. 04 दिनांक 25.08.2025 निर्धारित है एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 01.09.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-252602882/10


# दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर पहले प्रेमी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाली महिला गिरफ्तार, प्रेमी भी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने रोहित हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। रोहित की हत्या उसी की प्रेमिका व उसके दूसरे प्रेमी ने की थी। पुलिस ने महिला की निशानदेही पर उस तकिए को भी बरामद कर लिया है, जिससे मुँह दबाकर रोहित की हत्या की गई थी। छह अगस्त को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति का शव चित्रावन सोसायटी से क्रॉसिंग गोल चक्कर की तरफ जाने वाले रास्ते के साइड में पड़ा बरामद हुआ था। जिसकी पहचान रोहित पुत्र इंदर निवासी ग्राम नवल सूरजपुर थाना किठोर जिला मेरठ के रूप में हुई थी। तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण दम घुटने से होना पाया गया। जिससे स्पष्ट हो गया कि मृतक रोहित की किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दम घोट कर उसकी हत्या कर दी है।

### पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया मेरा पति शराब पीने का आदि था





संबंध में मृतक रोहित के पिता इंदर निवासी ग्राम नवल सूरजपुर थाना किठोर जिला मेरठ रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार को पुलिस ने बेबी कुमारी पत्नी रवि निवासी संजय के मकान में किराए पर सोनी महल के पास शांति नगर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक तथा उसके दूसरे प्रेमी संजय कुमार न्यू शांति नगर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि मेरा पति रवि शराब पीने का आदि था तथा मुझसे आए दिन झगड़ता रहता था, जिसके चलते मैं रवि को छोड़कर गाजियाबाद आकर किराए पर रहने लगी तथा यहां घरों मे काम करके अपना गुजारा कर रही थी। इसी बीच मेरी मुलाकात रोहित से करीब 04-05 साल पहले हुई। जब से हम दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहें थे। रोहित 5 अगस्त शाम को करीब 5.30 बजे मेरे पास आया। रोहित और मेरा पिछले 02-03 हफ्ते से झगड़ा चल रहा था क्योंकि रोहित मुझसे से शादी करने की जिद करने लगा था इसलिए में अक्सर रोहित से झगड़ा करती रहती थी ।
मेरे मकान मालिक संजय के साथ अवैध संबंध थे। मैं संजय के साथ उसके घर में रहना चाहती थी । संजय की पत्नी अधिकतर अपने घर से बाहर रहती थी। उस दिन जब रोहित काम से वापस घर आया तो मुझसे अपने घर चलने की जिद करने लगा लेकिन मै मना करती रही। समय लगभग 9 बजे मकान मालिक संजय जो कि जल प्लांट में गार्ड की नौकरी करता है।

# वर्लपूल ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन के प्रधान सुरेंद्र सिंह बने



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद वर्लपूल ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन, ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया इंटक के चुनाव अधिकारी मुकेश शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए जिसमें प्रधान पद पर सुरेंद्र सिंह और महासचिव राजेंद्र सचदेवा, उप प्रधान परमदेव राव, सह सचिव चंद्रपाल गुप्ता, संगठन सचिव कैलाश चंद, कोषाध्यक्ष भूदेव शर्मा, कार्यालय सचिव विनोद कुमार, प्रचार सचिव कन्हैयालाल, कानूनी सचिव विजय बहादुर को चुना गया। आयोजन को मुख्य रूप से राजेंद्र सचदेवा ने संभाला। चुनाव अधिकारी मुकेश शर्मा ने बताया कि यह चुनाव प्याली चौक के समीप जाट संस्था की धर्मशाला में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाए गए। इन चुनावों को सम्पन्न करने में प्रशासन व सभी सदस्य मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया गया।


# हर साल यूपी के 5 मेधावियों को यूके में पढ़ने को मिलेगी लाखों की स्कॉलरशिप

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 3 वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद वर्ष 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उनके सरकारी आवास पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) यूके के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ। इसके तहत 'चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना' शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत हर साल प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्रों को यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए लाखों की छात्रवृत्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यूपी सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छात्रवृत्ति योजना प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने और युवाओं को 'ग्लोबल लीडरशिप रोल' के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम बनेगी।



मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ करार

## छात्रों को मिलेगा वैश्विक एक्सपोजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तीन वर्षों तक (2025-26, 2026-27 और 2027-28) संचालित होगी। इसके बाद वर्ष 2028-29 से योजना को नवीनीकृत किया जाएगा। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की प्रेरणा से प्रारंभ की गई यह योजना प्रदेश के युवाओं को वैश्विक शिक्षा और नेतृत्व में नई ऊंचाइयां हासिल करने का अवसर देगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर उत्तर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएं।

### पूरी पढ़ाई और खर्च का प्रावधान

छात्रवृत्ति में पूर्ण शिक्षण शुल्क, परीक्षा व शोध शुल्क, रहने-खाने का भत्ता तथा यूके तक आने-जाने का हवाई किराया शामिल रहेगा। प्रति छात्र लगभग 45 से 48 लाख का खर्च आएगा। इसमें से उत्तर प्रदेश सरकार लगभग 23 लाख वहन करेगी, शेष राशि का वहन एफसीडीओ यूके करेगा।

### ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने पहल को सराहा

ब्रिटिश हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन ने सीएम योगी के समक्ष हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि इस समझौते पर हस्ताक्षर करना खुशी की बात है। इस नई चिवनिंग स्कॉलरशिप के तहत अगले तीन वर्षों तक हर साल पांच छात्रों को यूके में पूर्ण छात्रवृत्ति पर पढ़ाई का अवसर मिलेगा। यह यूनाइटेड किंगडम व भारत के बीच बढ़ते रिश्तों का प्रतीक है। हाल ही में पीएम नरेंद्री मोदी की यूके यात्रा के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा ट्रेड एग्रीमेंट व विजन 35 पर हस्ताक्षर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिहार में पुलिसवालों के साथ सेल्फी लेने पर बैन

**पटना।** बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने जनता और मीडियाकर्मियों के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ सेल्फी लेने पर रोक लगा दी है। अब कोई पुलिस पदाधिकारी किसी भी परिस्थिति में सेल्फी की अनुमति नहीं देगा। डीजीपी ने इससे संबंधित पत्र सभी पुलिस पदाधिकारियों को लिखा है। पुलिस अधिकारियों के साथ ली गई सेल्फियों के गलत इस्तेमाल की शिकायतें बढ़ी थीं, जिसके कारण यह फैसला लिया गया।



### झारखंड शराब घोटाले में आईएएस विनय चौबे को बेल

**रांची।** यहां की एक अदालत ने निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को मंगलवार को शराब घोटाले के एक मामले में जमानत दे दी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) तय समय सीमा के भीतर आरोप पत्र दायर करने में विफल रहा। हालांकि, चौबे को तुरंत जेल से रिहा नहीं किया जाएगा क्योंकि वह हजारीबाग में जमीन से जुड़े एक मामले में भी आरोपी हैं।



## कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी

# बिहार के राजगीर व वैशाली में बनेंगे 5 सितारा होटल, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

बिहार में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राजगीर में दो पांच सितारा होटल और वैशाली में एक रिसॉर्ट बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार ने 2026 के लिए अवकाश कैलेंडर भी जारी कर दिया है जिसके अनुसार कर्मियों को 35 छुट्टियां मिलेंगी।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में तेजी से बढ़ते पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए पांच सितारा होटल जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसके तहत नालंदा के राजगीर में दो पांच सितारा होटल और वैशाली में एक पांच सितारा रिसॉर्ट का निर्माण कराए जाने की योजना है। इसके लिए दोनों स्थानों पर जमीन का चयन कर लिया गया है।

### कैबिनेट में 16 एजेंडों पर लगी मुहर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसमें लिए निर्णयों के बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में 16 एजेंडों पर मुहर लगी। सरकार ने अपने कर्मियों के लिए वर्ष 2026 का अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है।

### पीपीपी के माध्यम से इनका निर्माण



डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि दोनों स्थानों पर पीपीपी (जन-निजी भागीदारी) के माध्यम से इनका निर्माण कराया जाएगा। राज्य सरकार ने दोनों स्थानों पर इसके लिए जमीन देने का निर्णय लिया है। राजगीर में दो पांच सितारा होटल निर्माण के लिए मेला मैदान के पास स्थित 10 एकड़ जमीन चिह्नित किया गया है। इसी तरह वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का परिसर करीब 75 एकड़ का है। इसी परिसर की 10 एकड़ जमीन इस रिसॉर्ट के लिए उपलब्ध कराई गई है। होटल एवं रिसॉर्ट निर्माण से संबंधित कुछ मुख्य प्रावधान किए गए हैं। इसमें एक निर्धारित अवधि के लिए निजी निवेशक को लीज पर प्रदान किया जाएगा। इस लीज अवधि की समाप्ति के उपरांत निर्मित परिसंपत्तियों का संचालन एवं प्रबंधन के संबंध में सरकार के स्तर से उचित निर्णय लिया जा सकेगा।

## अनुकंपा के आधार पर 5353 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

### नौकरी नहीं सेवा का मौका

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सचिवालय स्थित 'संवाद' में अनुकंपा के आधार पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 4835 विद्यालय लिपिक एवं 518 विद्यालय परिचारी के पदों पर चयनित कुल 5353 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से मणि कुमारी, अमित गौरव, दिव्या राज, किरण कुमारी गुप्ता एवं तूबा अशरफ को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। सभी नवनियुक्त कर्मियों को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2006 से शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मृत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियोजन ईकाई के माध्यम से शिक्षक के पद पर नियोजन हेतु प्रावधान किया गया। मृत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों की योग्यता शिक्षक के पद हेतु नहीं रहने के कारण वर्ष 2020 में नियोजन ईकाई के माध्यम से विद्यालय लिपिक एवं विद्यालय परिचारी के नियत वेतन पर अनुकम्पा के आधार पर नियोजन इकाई के माध्यम से नियोजन किया गया। वर्तमान में राज्य सरकार ने शिक्षकों की तरह अनुकम्पा पर नियुक्ति हेतु विद्यालय लिपिक एवं विद्यालय परिचारी का पद जो राज्य कर्मी के श्रेणी में आते हैं, नियुक्ति हेतु प्रावधान किया गया है।

## अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा, कहा-

# अमेरिकी टैरिफ की वजह से कारोबारियों पर मंडरा रहा संकट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार के 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना को निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के टैरिफ़ की वजह से यूपी के कारोबारियों को भी नुकसान हो रहा है। लेकिन व्यापारियों की कोई नहीं सुन रहा है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका ने जब से भारतीय उत्पादों पर टैरिफ लगाया है तब से हमारे भदोही के कार्पेट से जुड़े हुए कारोबारी, मुरादाबाद में ब्रास से जुड़े कारोबारी भी संकट में आ गए हैं। प्रदेश में बड़े पैमाने पर हमारा सामान अमेरिका एक्सपोर्ट होता था।

## फर्जी फर्म बनाकर 900 करोड़ का किया गोलमाल

# इनकम टैक्स टीम ने तीन सीए के आवास और कार्यालयों पर खंगाले दस्तावेज

डॉ. कमलकान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

**एक सीए को टीम ले गई अपने साथ, दो सीए के किए बयान दर्ज**

सीएसआर फंड के नाम पर गोलमाल करने वाले तीन सीए के यहां इनकम टैक्स (आईटी) टीम ने छापा मारा है। तीनों के आवास और कार्यालयों में दस्तावेज खंगाले। इसके बाद एक सीए को टीम अपने साथ लेकर गई है। वहीं दो के बयान दर्ज किए हैं। करीब 900 करोड़ रुपये का मामला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार लालाराम शर्मा ने सीए सर्वेश मित्तल के महोली रोड स्थित मार्किट में एक हिस्सा किराये पर लिया था। उक्त पते पर करीब दो दर्जन से अधिक फर्जी फर्म बना ली थीं। इसके लिए लालाराम ने हरियाणा के चामड़ियां ग्रुप से दो बार में 300-300 करोड़ रुपये का सीएसआर फंड लिया था। इसकी जानकारी इनकम टैक्स को लग गई। टीम ने मामले की छानबीन की तो पता चला कि फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों रुपये का गोलमाल किया जा रहा था। इस गोलमाल में मथुरा के तीन सीए मनीष सिंघल, आशुतोष और सर्वेश मित्तल के नाम प्रकाश में आए थे। मंगलवार को टीम ने तीनों सीए के यहां छापा मारा और उनके कार्यालय और आवास पर मिले दस्तावेजों को जब्त कर लिया। सूत्रों की मानें तो एक सीए को टीम अपने साथ लेकर गई है।

## पेज एक का शेष

### शेफाली का चयन...

वनडे विश्व कप का आयोजन होगा। यह वैश्विक टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसका फाइनल मुकाबला दो नवंबर को खेला जाएगा। इसके मुकाबले भारत और श्रीलंका के पांच शहरों में होंगे जिसमें बेंगलुरू का एम चिन्नास्वामी, गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम, इंदौर का होल्कर स्टेडियम, विशाखापत्तनम का एसीए-वीडीसीए स्टेडियम और कोलंबो का आर प्रेमादासा स्टेडियम शामिल है। इस वैश्विक टूर्नामेंट का आयोजन 12 साल बाद भारत में किया जाएगा। पहला सेमीफाइनल मुकाबला 29 अक्तूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच 30 अक्तूबर को बेंगलुरू में खेला जाएगा। महिला वनडे विश्व कप का खिताबी मुकाबला दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में खेला जाएगा। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान शामिल हैं।

### वांग यी ने ...

की इच्छा प्रकट की। चीन के विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री को भारत के विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल के साथ हुई विशेष प्रतिनिधियों की 24 वीं बैठक को लेकर अपना सकारात्मक आकलन प्रस्तुत किया। जबकि पीएम मोदी ने चीनी विदेश मंत्री के समक्ष सीमा मामले पर शांति और सौहार्द को बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए एक स्पष्ट, तर्कसंगत के अलावा साझा रूप से स्वीकृत समाधान को लेकर बनी हुई भारत की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ 2024 में हुई अपनी मुलाकात के बाद दोनों देशों के संबंधों में जारी तीव्र प्रगति का स्वागत किया। जो कि आपसी सम्मान, हितों और संवेदनशीलता पर आधारित हैं। इसमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः शुरुआत भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने वांग यी को चीन की एससीओ की अध्यक्षता के लिए भारत की ओर से समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच स्थिर, पूर्वानुमेय और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति-स्थिरता को बनाए रखने में भी सराहनीय योगदान देंगे।

### विवाद समाप्ति के ...

कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तियानजिन में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन की यात्रा करेंगे।

### शीर्ष नेताओं की ...

भारत विशेष प्रतिनिधियों के इस संवाद तंत्र को खासी महत्ता देता है। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद की शुरुआत के बाद रूसी शहर में हुई यह पहली द्विपक्षीय मुलाकात थी। जिसके बाद ही 21 अक्टूबर 2024 को भारत ने इस सीमाई विवाद के पूरी तरह से खत्म होने और इस संबंध में दोनों देशों के बीच समझौता होने की घोषणा की थी।

### बीते वर्षों की क्षति...

और चीन के बीच स्वस्थ और स्थिर संबंध दोनों के दीर्घकालिक हितों के लिए जरूरी होने के साथ ही विकासशील देशों की इच्छा से भी संबंधित हैं। रणनीतिक संचार के जरिए भारत, चीन को विश्वास बढ़ाना चाहिए। साथ ही सहयोग के साथ साझा हितों का विकास, सीमाओं पर विशेष मामलों के समाधान और आदान-प्रदान पर जोर देना चाहिए। जिसकी मदद से आपसी संबंधों को स्वस्थ और सुदृढ़ ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

### चीन, भारत को करेगा ...

देते हुए कहा है कि चीन, भारत की तीन प्रमुख चिंताओं और जरूरतों जैसे दुर्लभ खनिजों, उर्वरकों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति करने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों में ढील देने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में वर्ष-2020 में हुए एलएसी विवाद के दौरान हुई गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद वांग यी भारत की पहली दो दिवसीय यात्रा पर हैं। जिसके तहत ही उनकी डा.जयशंकर के साथ यह बैठक हुई थी। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पिछले जुलाई महीने में की गई अपनी यात्रा में भी इस मामले को चीन के समक्ष उठाते हुए भारत की प्रमुख चिंताओं से विदेश मंत्री वांग यी को अवगत कराया था। इस मुद्दे पर दोनों देशों द्वारा आधिकारिक रूप से फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

**संबंधों में तनाव की जड़ था एलएसी विवाद:** गौरतलब है कि भारत-चीन संबंधों में तनाव का सबसे बड़ा कारण 2020 के मध्य में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शुरू हुआ विवाद था। लेकिन यह अपने चरम पर तब जा पहुंचा जब दोनों देशों की सेनाओं के बीच गलवान घाटी में खूनी हिंसक झड़प हुई। जिसमें भारत के 20 और चीन के भी कई सैनिक मारे गए। घटना के बाद भारत, चीन ने एलएसी पर बड़ी तादाद में सैन्य साजो सामान के साथ सैनिकों की संख्या बढ़ाई। लेकिन इसके साथ-साथ समस्या का शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने के लिए दोनों के बीच कई दौर की सैन्य और कूटनीतिक बैठकें भी हुईं। अंततः पिछले साल 2024 में रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद 21 अक्टूबर को हुए समझौते के बाद यह विवाद पूरी तरह से समाप्त हुआ। फिलहाल दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए कई जरूरी कदम उठाए गए हैं। जिनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः शुरुआत, पर्यटक वीजा की बहाली, नई दिल्ली और बीजिंग के बीच सीधी उड़ान सेवाओं का जल्द होने वाला आगाज मुख्य हैं।

### 70 फीसदी खनिजों ....

से वह अपने आर्थिक विकास की रफ्तार को ईंधन प्रदान करता है। आंकड़ों के हिसाब से चीन की दुर्लभ खनिजों के खनन में 70 फीसदी भागीदारी है। जो उसे इनकी अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन में एक दबदबे वाले खिलाड़ी के रूप में भी स्थापित करती है।

### 2023 से चीन ....

लेकर नियमों में किसी तरह की कोई रियायत नहीं दी गई थी। इसी तरह से पड़ोसी देश ने भारत को सुरंग बनाने वाली मशीनों के निर्यात पर भी रोक लगा दी थी। दोनों पक्षों की तरफ से हालांकि संबंधों को फिर से सामान्य बनाने के प्रयास लगातार जारी थे।

### राज्यसभाः दिनभर रहा...

हरिवंश ने बताया कि सभी 20 नोटिस नियम 267 के दायरे में थे, परंतु नियमों के अनुरूप न होने के कारण उन्हें स्वीकार नहीं किया गया। इसके विरोध में विपक्षी सांसद लगातार शोर-शराबा करते रहे। नतीजतन, सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

### अमेरिकी टैरिफ संकट...

अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ हुई पहली शिखर बैठक से अवगत कराया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन युद्ध का बातचीत-कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान निकालने की भारत की प्रतिबद्धता को मजबूती से दोहराया। विदेश मंत्रालय ने 19 अगस्त को बताया कि मॉस्को में विदेश मंत्री एस.जयशंकर की अपने रूस के समकक्ष विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा के साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। यूक्रेन विवाद का मामला भी चर्चा में शामिल किया जा सकता है।

### आईआरआईजीसी-टेक...

राष्ट्रपति की इस साल की जाने वाली भारत यात्रा की की रूपरेखा का जरूरी खाका तैयार हो जाए। दोनों देश ऊर्जा संबंधों पर भी आपसी संवाद कर सकते हैं। इसके अलावा विदेश मंत्री मॉस्को में दोनों देशों के व्यापार मंच की एक बैठक को भी संबोधित करेंगे। जयशंकर यह यात्रा रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री के आमंत्रण पर की जा रही है।

### तेल का बड़ा ....

छूट के साथ रूस से तेल का आयात कर रहा है। 2019-20 में देश के कुल तेल आयात में रूसी तेल की भागीदारी जहां महज 1.7 फीसदी थी। 2024-25 में यह बढ़कर 35.1 फीसदी पर जा पहुंची है। इसी के साथ मॉस्को- नई दिल्ली को तेल की सप्लाई करने वाला सबसे बड़ा सप्लायर बन गया है।

### पीएम मोदी करेंगे ...

प्रधानमंत्री मोदी को इस ऐतिहासिक अवसर पर नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण उनके कर-कमलों से करने हेतु सादर आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली क्षण प्रदेश की जनता और सभी विधानसभा सदस्यों के लिए स्मरणीय होगा। साथ ही, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी सौजन्य भेंट की और उन्हें नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करने हेतु आमंत्रित किया। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभा अध्यक्ष का आमंत्रण स्वीकार किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा करते हुए कहा कि नवा रायपुर में ब्रह्माकुमारी बहनों का नया भवन बन कर तैयार है, जिसके लोकार्पण समारोह में ब्रह्मकुमारी बहनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करना चाहती है। डॉ. रमन सिंह के इस आग्रह को प्रधानमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर ब्रह्मकुमारी संस्थान के नवीन भवन लोकार्पण के लिए भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है। आपको बता दें कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने गठन के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण न केवल प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि यह क्षण छत्तीसगढ़ की प्रगति और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# एसडीएम ने जेब में रखा 'घूस' वाला लिफाफा वीडियो देखते ही जिलाधिकारी ने कर दी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ औरैया

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद अफसरों में हड़कंप मच गया। वीडियो जब जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी तक पहुंचा तो उन्होंने बड़ी कार्रवाई कर दी। डीएम ने एसडीएम राकेश कुमार वर्मा को उनके पद से हटा दिया है और डिप्टी कलेक्टर (न्यायिक) औरैया को एसडीएम औरैया का चार्ज सौंपा गया है। साथ ही एसडीएम को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

वायरल वीडियो में एक कर्मचारी को एसडीएम औरैया राकेश कुमार की मेज के दराज में लिफाफा रखते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान एसडीएम मोबाइल देखने में व्यस्त दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो में वह लिफाफे को हाथ नहीं लगाते।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश चंद्र मौर्य ने बताया कि वायरल वीडियो के क्रम में एसडीएम औरैया को हटाकर जांच की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

### न सर्च ऑपरेशन न गिरफ्तारी; कुर्सी डाल बैठी पुलिस

**फतेहपुर।** यहां धार्मिक स्थल (मंदिर-मकबरा) को लेकर उपजे विवाद को सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अब तक न कोई गिरफ्तारी हुई है, न ही किसी तरह का सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। जबकि इस दौरान घटना से जुड़ा वीडियो जिलेभर में वायरल हो चुका है, जिसे आला अफसर भी देख चुके हैं। हालांकि, अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। घटना के बाद पुलिस ने 10 नामजद और करीब 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ कागजी खानापूरी ही सामने आई है। न किसी का नाम बढ़ाया गया, न ही किसी संदिग्ध को उठाया गया। शिनाख्त के नाम पर पुलिस अभी भी किसी विशेष जांच के इंतजार में बैठी है। इस दौरान क्षेत्र के लोग भय में जी रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस-प्रशासन ने न तो लाइसेंसी और अवैध हथियारों की पड़ताल की, न ही इलाके में कोई सघन तलाशी अभियान चलाया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अनिल, पुत्रः** ओम प्रकाश, **पताः** मकान नं. 77/42 कश्मीर गली जनता कॉलोनी सर्कुल रोड शाहदरा वेलकम नॉर्थ ईस्ट, दिल्ली **FIR No. 602/2021, U/s 457/380/511 IPC, पुलिस थानाः जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अनिल, FIR No. 602/2021, U/s 457/380/511 IPC, पुलिस थानाः जाफराबाद, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, द्वितीय तल शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/10881/NE/2025
(Court Matter)

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

**सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक**

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 20.08.2025



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

## लाइफ Style



# हुमा
## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।

## हॉलीवुड मसाला



# 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।



# बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।



# डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



# कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

## टीवी मसाला



# बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

## केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा




स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एल्गर्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

# शोले: एक फिल्म जिसने रचे कई कीर्तिमान



डॉ.वशिष्ठ.एम.सी

दशकों से भारतीय दर्शकों का पसंदीदा रही फिल्म ''शोले'' इस साल 50 साल की हो जाएगी। 15 अगस्त, 1975 को यह फिल्म रिलीज़ हुई थी। बॉलीवुड के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई इस फिल्म के लेखक सलीम-जावेद थे, निर्माता जी. पी. सिप्पी थे और निर्देशक रमेश सिप्पी थे। मुख्य भूमिकाएँ संजीव कुमार, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जयाभादुरी, अमजद खान, असरानी और अन्य कलाकारों ने निभाई थीं। शोले का मूल विषय अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई है। फ़िल्म की कहानी एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी (संजीव कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कुख्यात डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को पकड़ने के लिए दो अपराधियों, वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) को काम पर रखता है। इसके अलावा, हेमा मालिनी और जया भादुड़ी ने बसंती और राधा की भूमिकाएँ निभाई हैं, जो वीरू और जय की प्रेमिकाएँ हैं। आर. डी. बर्मन ने संगीत दिया है।दो हीरो होने के बावजूद, अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से फायदा हुआ। परिणामस्वरूप वे सुपरस्टार बन गए। शोले के बाद अमिताभ बच्चन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा; उनका स्टारडम बढ़ता गया और उनकी फिल्में व्यावसायिक रूप से अधिक सफल होती गईं। संक्षेप में शोले ने अमिताभ को एक अखिल भारतीय सुपरस्टार बना दिया। ''एंग्री यंग मैन'' के उनके चित्रण को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया। राजेश खन्ना के युग से लेकर अमिताभ बच्चन के युग तक, बॉलीवुड में रोमांटिकतावाद से एक्शन और हिंसा की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव आया। यह फिल्म 15 अगस्त, 1975 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और भारत में आंतरिक आपातकाल के दौरान रिलीज़ हुई थी। शोले के प्रिंट 70 मिमी और 35 मिमी में उपलब्ध थे। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को एक नया खलनायक दिया, अमजद खान, जिन्होंने गब्बर सिंह की भूमिका निभाई। अमजद खान की गब्बर, गब्बर सिंह गुज्जर का एक काल्पनिक संस्करण है, जो एक वास्तविक डाकू था जिसने 1950 के दशक में ग्वालियर के आस-पास के गाँवों में आतंक मचा रखा था। आनंद बख्शी द्वारा लिखित, आर.डी. बर्मन द्वारा संगीतबद्ध और किशोर कुमार व मन्ना डे द्वारा गाए गए इस फ़िल्म के एक प्रसिद्ध गीत 'ये दोस्ती' को सर्वश्रेष्ठ दोस्ती गीत कहा जाता है। 'महबूबा महबूबा' को इसके संगीतकार आर.डी. बर्मन ने गाया था, जिन्हें उनके अभिनय के लिए पार्श्व गायन के एकमात्र फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। फ़िल्मों के संवाद जैसे 'कितने आदमी थे, 'जो डर गया, समझो मर गया', और 'बहुत याराना लगता है' आदि भारत में लोकप्रिय हो गए हैं। लोग इन और अन्य सामान्य बोलचाल की भाषाओं का प्रयोग अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में करने लगे हैं। हर तरह से, इस फिल्म ने सामान्य रूप से भारतीय सिनेमा और विशेष रूप से बॉलीवुड के लिए एक मानक स्थापित किया। शोले को अभी भी एक ऐसी फिल्म के रूप में माना जाता है जिसने दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया, भले ही भारतीय सिनेमा ने तब से काफी प्रगति की है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट द्वारा 2002 के एक सर्वेक्षण में शोले को अब तक की शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों में स्थान दिया गया था। शोले की अर्ध शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर, यह फिल्म एक नई पीढ़ी को रोमांचित करने के लिए - पचास वर्षों के अंतराल के बाद - फिर से सिनेमाघरों में आ रही है।




## किरदार, संवाद और दोस्ती बनी भारत की सामूहिक याद

जब संवाद, पात्र और दृश्य लोकप्रिय लोककथाओं का हिस्सा बन जाते हैं, राष्ट्रीय स्मृति के ताने-बाने में समा जाते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं, तब सिनेमा का जादू महसूस होता है। 'शोले' ऐसी ही फिल्म है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने फिल्म देखी है या नहीं। इस फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए हैं। यह एक 'कल्ट क्लासिक' बन चुकी है जिसे आज भी लोग देखते हैं और जिसका जिक्र लगभग हर मौके पर किया जाता है। और फिर, बैठक में देर से आने वाला कोई व्यक्ति जब कहता है, 'इतना सन्नाटा क्यों है भाई' तो सभी मुस्कुरा उठते हैं. जुड़ाव तुरंत हो जाता है। इस फिल्म से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं। रमेश सिप्पी की यह उत्कृष्ट कृति, जिसमें हास्य और रोमांस, मारधाड़ और त्रासदी का मिश्रण था, 15 अगस्त, 1975 को रिलीज हुई थी और इसकी अवधि तीन घंटे से ज्यादा थी। शुरुआत में इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बाद के हफ्तों में इसका जादू छा गया। यही वह समय था जब 70 मिमी के परदे पर इतिहास रचा जा रहा था। संजीव कुमार, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जया बच्चन और 'गब्बर सिंह' का किरदार निभाने वाले अमजद खान समेत सभी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लेकिन ठाकुर, जय, वीरू, बसंती और गब्बर ही ऐसे कलाकार नहीं हैं जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। एक-दो दृश्यों में मौजूद कई चरित्र कलाकारों को भी याद किया जाता है. कुछ को उनके संवादों के लिए याद किया जाता है। ए.के. हंगल द्वारा निभाया गया वृद्ध व अंधा पिता, जो इस बात से अनजान है कि उसका बेटा मारा गया है और वह पूछ रहा है कि लोग इतने शांत क्यों हैं या मैकमोहन, जो सांबा के रूप में प्रसिद्ध हुए और बस एक संवाद 'पूरे पचास हजार' बोला। मौसी, सूरमा भोपाली, 'अंग्रेजों के ज़माने के जेलर', कालिया याद हैं। ये फिल्म के कई किरदारों में से कुछ हैं, जो दर्शकों को हंसी से लेकर, डर तक महसूस कराते हैं। हर किरदार अपने आप में नायाब है। सलीम-जावेद की प्रसिद्ध पटकथा लेखक जोड़ी के एक सदस्य जावेद अख्तर ने कहा, 'ये (संवाद) भारतीय संस्कृति और आम बोलचाल का हिस्सा बन गए हैं। 50 साल पहले बनी एक फिल्म और आज तक इसके संवाद स्टैंड-अप कॉमेडी में इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके संदर्भ दूसरी फिल्मों में भी इस्तेमाल किए जाते हैं और भाषा में भी, यहां तक कि राजनीतिक भाषणों और अन्य जगहों पर भी 'सलीम खान के साथ मिलकर इस फिल्म की पटकथा लिखने वाले अख्तर ने कहा कि फिल्म का कैनवास ऐसा था कि यह कालातीत हो गई। अख्तर ने कहा, 'इसमें सभी मानवीय भावनाओं का मिश्रण था। इसके लिए कोई सचेत प्रयास नहीं किया गया। यह बस हो गया।' फिल्म विद्वान, इतिहासकार और 'क्यूरेटर' अमृत गंगर के अनुसार, ''यह ऐसी बेहतरीन फिल्म है जिसमें सब चीजें थीं। भोजन की ऐसी थाली जिसमें कई व्यंजन होते हैं।'' उनके विचार से, जनता की कल्पना पर इस तरह का प्रभाव डालने वाली एकमात्र अन्य फिल्म 'मुगल-ए-आजम' है। उन्होंने कहा, ''शोले' बिना किसी भव्यता के जादू करती है, लेकिन इसमें शब्दों की ताकत है।'' 'मुगल-ए-आजम' एक ऐतिहासिक प्रेमकथा है, जबकि 'शोले' आजादी के बाद के ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। महिला किरदारों से फिल्म में चार चांद लग जाता है, चाहे वो बड़बोली व तांगा चलाने वाली बसंती (हेमामालिनी) हो या खामोश विधवा राधा (जया बच्चन), बसंती और वीरू के बीच के चुलबुले रोमांस को जय और सफ़ेद साड़ी पहनने वाली विधवा के बीच के अनकहे प्यार के साथ खूबसूरती से पेश किया गया है और दोनों ही आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रतिशोधी ठाकुर (संजीव कुमार) एक ईमानदार और प्रगतिशील व्यक्ति है जो चाहता है कि उसकी बहू को फिर से प्यार मिले। सलीम-जावेद न सिर्फ़ समय के साथ चलने की कोशिश कर रहे थे, बल्कि उससे आगे भी थे। उनकी कल्पना ने हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायक को जन्म दिया। गब्बर सिंह, बिना किसी पृष्ठभूमि वाले डाकू ने ख़तरनाक शब्द को नयी परिभाषा दी। उनके कई संवाद बार-बार दोहराये जा चुके हैं- 'कितने आदमी थे', 'जो डर गया, समझो मर गया', 'पचास, पचास कोस...'फिल्म इतिहासकार, लेखक और अभिलेख विशेषज्ञ एस एम एम औसजा ने कहा कि 'शोले' उन दुर्लभ घटनाओं में से एक है, जब फिल्म के हर विभाग ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अनोखा मामला है जहां सब कुछ सही जगह और सही समय पर हुआ।

# सरकार का प्रयास, विकास का लाभ हर वर्ग को मिले : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देश और प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का मौका भाजपा को मिला है, हमारा प्रयास है कि सरकार के विकास के कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे उसके लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

कानून व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे प्रश्नों को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार प्रदेश की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साफ कर चुके हैं कि अपराधियों पर सरकार द्वारा काफी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी अध्यक्षों के साथ, पूर्व विधायक और मंत्रियों के साथ बैठक की है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार लगातार विकास कार्य करवा रही है।

**पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा**

- मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर को ठीक करने के लिए काम कर रहे
- भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन लगातार हो रहा मजबूत

### सैनी के स्वभाव ने जनता का दिल जीता



*कैप्टन अभिमन्यु ने बताया कि हर जिले में जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई है। पिछले दिनों तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में युवा वर्ग ने हिस्सा लिया था। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर से सेवा पखवाड़ा मनाने का फैसला लिया गया है। बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वभाव हरियाणा की जनता का दिल जीत चुका है।*

### विपक्ष को जनता नकार चुकी

*सरकार के कार्यकर्ताओं का काम है कि वे लोगों का काम करवाएं। भाजपा एक बड़ा संगठन है, हम निरंतर आगे मजबूती के लिए काम करते रहे हैं, आने वाले वक्त के लिए रणनीति बना रहे हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा लगातार सवाल खड़े करने को लेकर कहा कि विपक्ष अपना काम कर रहा है, अगर जनता उन पर विश्वास करती, तो भाजपा को तीसरा बार काम करने का मौका क्यों देती, उनकी क्षेत्रवाद, जातिवाद और भाई भतीजावाद की नीतियों का खुलासाहो चुका है, इसलिए जनता उन्हें नकार चुकी है।*

## दिल्ली में 20 सितंबर को दिया जाएगा

# मप्र के आयुष विभाग को मिलेगा प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड 2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र के आयुष विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड 2025 के लिए चुना गया है। यह सम्मान 'आयुष ई-मॉनिटरिंग सिस्टम' परियोजना के सफल क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट परिणामों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह अवॉर्ड तीन चरणों की विस्तृत प्रस्तुतियों और दो चरणों की सार्वजनिक डिजिटल वोटिंग के बाद प्रदान किया जाएगा, जो इस उपलब्धि की पारदर्शिता और गुणवत्ता को और अधिक प्रमाणित करता है।

स्कॉच अवॉर्ड का वितरण समारोह 20 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्कॉच समिट के दौरान किया जाएगा। इस उपलब्धि पर आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार तथा प्रमुख सचिव आयुष विभाग डीपी आहूजा ने आयुष विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड 2025 प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि कठोर निगरानी और मूल्यांकन के लिए हर केंद्र के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा की वजह से अवॉर्ड के लिए चुना गया है। इसमें अनुभव साझा करना एवं श्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा देना प्रमुख रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष ई-मॉनिटरिंग ने पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किया है। राज्य के स्वास्थ्य तंत्र में आयुष चिकित्सा की सुलभता और गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### आयुष ई-मॉनिटरिंग का मुख्य उद्देश्य

प्रदेश के आयुष चिकित्सालयों और चिकित्सा महाविद्यालयों में ओपीडी (आउट पेशेंट विभाग) में अधिकतम वृद्धि करना, अधिक से अधिक नागरिकों को आयुष सुविधा कवरेज में लाने, लोगों को स्वस्थ एवं रोगमुक्त बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण आयुष सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आयुष विभाग ने कई नवाचार अपनाए है। इसके लिए प्रत्येक माह दो बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिग सभी आयुष चिकित्सा अधिकारियों एवं आयुष मेडिकल कॉलेजों के साथ अनुभव साझा किए। इसके साथ ही समस्याओं का समाधान किया गया।

### स्कॉच अवॉर्ड के लिए विभाग ने यह भी किया

प्रत्येक आयुष सुविधा की रैंकिंग को प्रकाशित किया गया। प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार कर गुणवता बढ़ाने पर काम हुआ। आयुष अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना अस्पतालों और कॉलेजों में आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया। इस कार्य के लिए अपर सचिव आयुष विभाग संजय मिश्रा ने सतत निगरानी एवं समन्वय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद यह पुरस्कार संभव हो गया। बताते हैं कि उनके प्रयासों से ई-मॉनिटरिंग सिस्टम के सभी घटकों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ, जिससे राज्यभर में आयुष सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार हुआ है। मंत्री परमार ने कहा कि अवॉर्ड प्राप्त करना मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है।

## मुख्यमंत्री के प्रयासों से जीआईएस में हुए एमओयू को मिला ठोस स्वरूप

# जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने मप्र में एआई अनुसंधान एवं विकास के मौके तलाशे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

इंदौर स्थित इन्फोबीन्स कैंपस में सोमवार को एमपी-ग्लोबल इनोवेशन एवं अनुसंधान और विकास एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। पांच दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिवस पर जर्मन व्यवसायिक प्रतिनिधिमंडल ने कॉर्पोरेट इंटरैक्शन की श्रृंखला में भाग लिया और मध्यप्रदेश में नवाचार तथा अनुसंधान और विकास की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया।

यह कार्यक्रम एमपीआईडीसी और जर्मन-इंडिया इनोवेशन कोर (जीआईआईसी) के बीच हुए समझौते का ठोस स्वरूप है, जिसे इन्क्यूबेशन मार्क्स के सहयोग से आयोजित किया गया। नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री की जर्मनी यात्रा तथा भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के दौरान हुए इस एमओयू ने द्विपक्षीय सहयोग को नए आयाम दिए हैं। इसके तहत जर्मन निवेशकों को मध्यप्रदेश में प्रमुख निवेश स्थान के रूप में आकर्षित करने, नवाचार और अनुसंधान को सशक्त बनाने तथा तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

**इंदौर में विकास एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 की उत्साहपूर्ण माहौल में शुरुआत**

**भारतीय और जर्मन दृष्टिकोण विषयों पर फायरसाइड चैट आयोजित की गई**



### जर्मन निवेशकों को निवेश के लिए आकर्षित करने पर जोर

### दोनों पक्षों ने कारोबारी सहयोग पर साझा किए अपने विचार

कार्यक्रम में भारत से वैश्विक स्तर के डिजिटल उत्पाद बनाना, भारतीय नवाचार परिदृश्य और एजिलिटी के साथ स्केलिंग- भारतीय और जर्मन दृष्टिकोण विषयों पर फायरसाइड चैट आयोजित की गई। इस दौरान दोनों पक्षों के विशेषज्ञों ने नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा सीमा-पार कारोबारी सहयोग पर अपने विचार साझा किए। प्रतिनिधियों ने टैलेंट एक्विजिशन प्रैक्टिस, कल्चर-फोकस्ड एचआर मॉडल और शक्ति महिला सशक्तिकरण पहल का भी अवलोकन किया। भारतीय यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स जैसे जोहो, फ्रेशवर्क्स और ब्राउजरस्टैक की सफलता का उल्लेख करते हुए जर्मन प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश में एआई विकास, तकनीकी साझेदारी, संभावित अनुसंधान एवं विकास केंद्र और युवाओं के लिए रोजगार अवसर तलाशने में गहरी रुचि दिखाई।

# बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक पुरोहित को दी जन्मदिन की बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, बजरंग दल के पूर्व प्रांतीय सुरक्षा प्रमुख, पूर्व भोपाल जिला संयोजक विशाल पुरोहित के जन्मदिन पर भाजपा के भोपाल जिला मीडिया प्रभारी, बजरंग दल के पूर्व भोपाल विभाग संयोजक राजेंद्र गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर दीर्घायु की कामना की। पुरोहित को अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी, बजरंग दल, पूर्व भोपाल विभाग सह संयोजक बालिस्ता रावत, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ भोपाल जिला सह संयोजक, दक्षिण पश्चिम विधानसभा प्रभारी महेंद्र दवे, बजरंग दल पूर्व संत नगर संयोजक बल्लू राठौर, मुकेश ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

# निटर: राष्ट्रीय कार्यशाला राजभाषा संवाद 2025 का आयोजन 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) द्वारा राजभाषा संवाद 2025 शीर्षक से एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 22 अगस्त को किया जाएगा।

# वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता लाने कोष प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

वित्तीय व्यवहार में पारदर्शिता लाने और डेटा विश्लेषण को प्रभावी बनाने की रणनीति बनाने के उद्देश्य से पिछले दिवस आयुक्त कोष एवं लेखा के तत्वावधान में मनन 1.0 कार्यशाला का आयोजन आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के संयुक्त संचालक और कोषालय अधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

## निजी क्षेत्र की भागीदारी और औद्योगिक विकास को गति देना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया है कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा पॉकेट क्षेत्र में रहने वाले अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हर माह वितरित किए जाने वाले 2 किलो चना की आवश्यक मात्रा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा एनईएमएल ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से खरीदी जाएगी।

यह खरीदी वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 0.25 प्रतिशत या इससे कम ट्रांजैक्शन/सर्विस चार्ज पर की जाएगी। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद ने कहा है कि जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक जिन हितग्राहियों ने चना नहीं लिया है, उन्हें पात्रतानुसार यह चना दिसंबर 2025 तक वितरित कर दिया जाए। मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि के भूखंड को रियायती प्रीमियम दर पर आवंटित करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का उद्देश्य आईटी क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है। रियायती दर पर भूमि उपलब्ध होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस पहल से नवा रायपुर में न सिर्फ तकनीकी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यहां की बसाहट और शहरीकरण की प्रक्रिया को भी बल मिलेगा। आईटी कंपनियों की स्थापना से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय निवासियों को भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# नवोदय प्रवेश के लिए तारीख बढ़ी, अब 27 अगस्त तक मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

रातीबड़ स्थित पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 में कक्षा 6, 9 एवं 11 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी एवं अभिभावक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 6 के लिए आवेदन आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त एवं परीक्षा तिथि 13 दिसंबर है। कक्षा 9 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर एवं परीक्षा तिथि 7 फरवरी 2026 है। कक्षा 11 के लिए आवेदन अंतिम तिथि 23 सितंबर एवं परीक्षा तिथि 7 फरवरी 2026 है।

## सीएम आवास पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने ली लगातार तीन बैठक

# भाजपा ने शुरू की 2029 के चुनाव की तैयारी योजनाओं और जनसंपर्क की रूपरेखा तैयार

- मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव, संगठन मंत्री और प्रदेश महामंत्रियों की मौजूदगी में बनाई रणनीति
- विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं 2029 में भाजपा की और भी बड़ी जीत होगी : नायब सैनी
- पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा, कार्यकर्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी ने 2029 के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर मंगलवार को सीएम आवास पर तीन महत्वपूर्ण बैठकें हुई। मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने पहली बैठक प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों के साथ की और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करने के साथ-साथ अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा भी की। इसके बाद दूसरी बैठक विधानसभा 2024 के चुनाव लड़ चुके उन 42 प्रत्याशियों के साथ हुई जो चुनाव हार गए थे। बैठक में इन नेताओं के साथ मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री ने विधानसभा में पार्टी को और मजबूत किए जाने पर जोर दिया। राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया की उपस्थिति में आगामी जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा भी तैयार की गई।



### वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य

विधानसभा चुनाव 2024 में चुनाव लड़ चुके 42 प्रत्याशियों को होमवर्क में दिया गया और भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस करने को कहा गया। विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा को 39.94 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा का लक्ष्य 2029 के विधानसभा चुनाव तक इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करना है।बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने व आगामी रणनीति को लेकर उपस्थित सभी पदाधिकारियों में नई दिशा एवं ऊर्जा का संचार किया।



### एमएसपी बढ़ाकर दिया, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग को सरकारी योजनाओं से जोड़ा है। हमने न केवल हर फसल पर एमएसपी दी, बल्कि हम एमएसपी बढ़ाकर भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर हमारी सरकार ने अंकुश लगाया है। स्वयं सहायता समूहों को भी बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित पदाधिकारियों को कहा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएं और सरकार की उपलब्धियां भी गिनाए।

### तीन गुणा तेज गति से काम करें

बैठक में बेहतर फीडबैक के विश्वास से भरे मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से बातचीत में विश्वास जताया कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से 2029 में भी और बड़ी ऐतिहासिक जीत होगी। कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं से देश और प्रदेश की जनता खुश है। टीम हरियाणा तीन गुणा गति से काम करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करने में जुटी है।

### 12 मंत्री, 30 विधायक प्रभारी बनाए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आज की बैठक में आगामी योजनाओं और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार की गई है। सरकार और संगठन से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा हुई है। शबड़ौली ने कहा कि 42 विधानसभाओं में 12 मंत्रियों और 30 विधायकों को प्रभारी नियुक्त किया गया है। चुनाव लड़ चुके 42 प्रत्याशी बेहतर तालमेल के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे।

### अभियान चलाए जाएंगे

बैठक में बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा होगा। कार्यकर्ता धार्मिक एवं शहीदों के स्थलों पर साफ-सफाई करेंगे। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पूरे प्रदेश में मनाई जाएगी। वोकल फॉर लोकल और संगठन की मजबूती को लेकर भी अभियान चलेंगे।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर आर्मी मैन की पत्नी से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शादीशुदा महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर आर्मीमैन की दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। आरोपी और महिला की पहचान एम्स में हुई थी।

पहचान होने के बाद दोनों में दोस्ती हो गई और नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपी ने उसे कीपेड मोबाइल दिया। मोबाइल पर बातचीत होने लगी और आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब पति ने पत्नी के पास कीपेड मोबाइल देखा। इसके बाद अवधपुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 27 साल की महिला गृहणी है। पति आर्मी में नौकरी करता है और शहर से बाहर उसकी पोस्टिंग है। इसी वर्ष फरवरी महीने में महिला इलाज कराने के लिए एम्स अस्पताल गई थी, वहां उसकी मुलाकात जयदीप नामक युवक से हुई। जयदीप ने खुद को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताया। बातचीत के दौरान महिला ने खुद के लिए नौकरी बात कही। जयदीप ने बताया कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा। उसने महिला को एक कीपेड वाला मोबाइल भी दिया था।

## इलाके में जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन पर मंडरा रहा गंभीर खतरा

# केरवा में बाघों का सबसे ज्यादा मूवमेंट, वन विभाग नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी भोपाल से सटे केरवा के घने जंगल इन दिनों अवैध गतिविधियों का केंद्र बनते जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र की अमूल्य जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस क्षेत्र में बाघों का सबसे ज्यादा मूवमेंट रहता है, साथ ही अन्य वन्य प्राणी भी बढ़ी संख्या में घूमते रहते हैं।

सोमवार को भी केरवा के चंदनपुरा क्षेत्र में सड़कों पर बाघ घूमता हुआ देखा गया था। वन विभाग की टीम ने सर्चिंग की लेकिन कुछ नहीं मिला। लेकिन इस सबके बीच इस क्षेत्र में वन भूमि पर तेजी से फैल रहा झुग्गियों का अतिक्रमण, वन्यजीवों के शिकार की बढ़ती घटनाएं और वन सुरक्षा व्यवस्था में बरती जा रही लापरवाही ने स्थिति को बदतर बना दिया है।



### निगरानी कर रही टीम

केरवा क्षेत्र में इस तरह की कोई गतिविधि हो रही है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

\- लोकप्रिय भारती, डीएफओ, भोपाल

### अवैध कब्जे और शिकार ने बढ़ाई चिंता

समरधा क्षेत्र में झुग्गियों का अवैध फैलाव चिंता का विषय बन गया है। जंगल के भीतर लोग अवैध रूप से बस रहे हैं, जिससे न केवल बहुमूल्य वन भूमि पर कब्जा हो रहा है, बल्कि पेड़ों की कटाई और अन्य वन संसाधनों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही, वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं में भी बढ़ रही है, जो वन्य प्राणी संरक्षण कानूनों का सीधा उल्लंघन है।

### टूटी सुरक्षा घेराबंदी दे रही रास्ता

वन विभाग द्वारा जंगल की सुरक्षा के लिए लगाई गई जाल और बाड़ (फेन्सिंग) कई स्थानों पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इस बदहाल सुरक्षा घेराबंदी का फायदा उठाकर अतिक्रमणकारी और शिकारी बिना किसी भय के आसानी से जंगल में प्रवेश कर रहे हैं। वन विभाग की ओर से अब तक इन अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण जिससे अवैध काम करने वालों के हौसले और बढ़ रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो केरवा का ये हराभरा जंगल हमेशा के लिए खत्म हो सकता है। इसका असर सिर्फ जानवरों और पेड़ों पर ही नहीं, बल्कि पूरे भोपाल के पर्यावरण पर पड़ेगा।

## चिंतन

# दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति से दूर होगी भारत की चिंता

अधिकतर मौके पर भारत और चीन के संबंध तनावपूर्ण ही रहते हैं। लंबे अर्से से जारी सीमा विवाद के चलते चीन भारत के लिए भरोसेमंद नहीं है। लेकिन हाल में ट्रंप 2.0 काल में अमेरिका ने भारत से अदावत शुरू की तो चीन भारत के करीब आने लगा है। चीन को भारत की विशाल कंज्यूमर ताकत का एहसास है। एक समय भारत और अमेरिकी की गहरी होती बॉन्डिंग से चीन असहज महसूस कर रहा था, अब अमेरिका का एकतरफा भारत के खिलाफ शुरू किया गया दुश्मन सरीखा व्यवहार चीन को भारत से संबंध सुधारने का अवसर दे रहा है। अभी जब भारत डिजिटल, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो, ड्रोन समेत रक्षा उपकरण व सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो चीन ने इन उद्योगों में अनिवार्य उपयोगी रेयर अर्थ मेटल्स (दुर्लभ मृदा खनिजों) की आपूर्ति जुलाई से भारत को बंद कर दी। हालांकि भारत ने विकल्पों पर काम करना शुरू किया, लेकिन चीन के साथ भी वार्ता जारी रखी। भारत ने चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ठीक है, लेकिन भारत के विनिर्माण क्षेत्र के ग्रोथ को बाधित करने के लिए कच्चे माल को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना उचित नहीं है। अब भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत को उर्वरकों और दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़े प्रतिबंधों में ढील देने पर सहमति जताई है। अगर चीन इस पर अमल करता है और भारत को रेयर अर्थ मेटल्स खासकर मैग्नेट की आपूर्ति की बाधाएं दूर करता है, तो नई दिल्ली की बड़ी चिंता दूर होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता में भारत की तीन प्रमुख चिंताओं को रखा और चीन ने इनका समाधान करने का वादा किया है। चीन भारत की उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों की जरूरतों को पूरा करेगा। दुर्लभ मृदा खनिजों को उच्च-स्तरीय तकनीकी उत्पादों, जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। वैश्विक दुर्लभ मृदा खनन में चीन का लगभग 70 प्रतिशत योगदान है। भारत व चीन अगर अपने संबंध सुधार कर सामान्य स्तर पर लाते हैं, जिसमें विश्वास बहाली हो, ट्रेड हो, तो ब्रिक्स के मजबूत होने के साथ एशिया के आर्थिक, व्यापारिक व सामरिक परिदृश्य बदल सकते हैं। पश्चिमी हथियार निर्माता लॉबियों की ओर से पैदा किए गए तनावों के चलते एशियाई देशों का बहुत अधिक पैसा अस्त्र-शस्त्र पर खर्च होता है, जिसकी बचत से विकास व गरीबी उन्मूलन में मदद मिल सकती है। भारत की रेयर अर्थ मेटल की करीब 85 फीसदी जरूरतें चीन से आयात पर निर्भर हैं। भारत में 69 लाख मीट्रिक टन का भंडार है, लेकिन उत्पादन क्षमता सीमित है। सरकार जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड और कर्नाटक में रेयर अर्थ मेटल्स के भंडार की खोज को बढ़ावा दे रही है। विशाखापत्तनम में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट प्लांट लगाया है। 2030 तक भारत की मांग 7,000 टन से भी ज्यादा हो सकती है। नियोडिमियम-प्रसीओडिमियम (एनडीपीआर) ऑक्साइड और एनडीएफईबी मैग्नेट्स के लिए लंबे समय तक कीमतों की गारंटी देने, खनिज समृद्ध राज्यों में उत्पादन व शोध को बढ़ावा देने के लिए छोटे हब बनाने, इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड की प्रोडक्शन क्षमता बढ़ाने, एक राष्ट्रीय मैग्नेट भंडार बनाने व चीन के अलावा दूसरे देशों से आयात करने व वहां निवेश करने जैसे कदमों से दुर्लभ खनित के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। चीन से आयात जारी रहने पर भारत को समय मिल जाएगा।



# नए आर्थिक सुधार के ट्रैक पर भारत

अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थशास्त्रियों और शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक की और नये सुधारों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को बेअसर करने के लिए सरकार आर्थिक विकास में वृद्धि हेतु मिशन मोड में आ चुकी है। अब सरकार के मंत्रालयों ने अगले 100 दिनों में लिए जाने वाले संभावित बड़े आर्थिक फैसलों पर काम करना शुरू कर दिया है। इन फैसलों में चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों को नरम करना, ई-कामर्स एक्सपोर्ट हब की शुरुआत, चमड़ा उद्योग के लिए पर्यावरण नियम में छूट, स्टार्टअप को टैक्स में और छूट, तंबाकू व फार्मा व्यापारी के पंजीयन नवीनीकरण की समय सीमा को बढ़ाना और औद्योगिक मंजूरी के पोर्टल को और अपडेट करना शामिल है।

वित्त मंत्रालय भी अगले 100 दिनों में जीएसटी का नया वर्जन लागू करने जा रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। वस्तुतः भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का इकोसिस्टम, सबसे तेजी से बढ़ता बाजार और विनिर्माण व सेवा क्षेत्र की ऊंचाइयां दुनिया के देशों को भारत के साथ व्यापार-कारोबार बढ़ाने और एफटीए के लिए प्रेरित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि एक ओर जब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत के कड़े रुख से बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई को भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बता दिया है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत दुनिया के विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देता है और इसी वर्ष भारत दुनिया की चौथी शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह भी उम्मीद की जा रही है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक आर्थिक संगठन भारत के तेज विकास की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) का नया आकलन जारी किया है। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है। आईएमएफ ने कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। वहीं, अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। इससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था किस रफ्तार से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक ने कहा है कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अनुमान



लगाया है कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ इसी तरह की राय दुनिया की तीन प्रमुख रेटिंग एजेंसियों मूडीज, एसएंडपी और फिच ने भी जताई है। स्पष्ट है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। कई और महत्वपूर्ण आधार भारत की आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। महंगाई दर घटने से विकास को गति मिल रही है। लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने के बाद देश में महंगाई के काफी नीचे आने के पीछे एक प्रमुख कारण अच्छा मानसून बेहतर कृषि उत्पादन भी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को चौथी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। लेकिन यह समय भारत के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण मोड़ है, जब अमेरिका के द्वारा अधिक टैरिफ लगाए जाने से भारत के लिए अमेरिका का बाजार सीमित हो रहा है, तब भारत एफटीए के माध्यम से निर्यात और विकास दर बढ़ाने के लिए नए बाजार खोलने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। स्थिति यह है कि दुनिया के कई देश भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के मद्देनजर भारत के साथ एफटीए के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं।

यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अब वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के मद्देनजर सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। हम उम्मीद करें कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई आर्थिक घोषणाओं और ट्रंप टैरिफ से निर्मित आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर रणनीतिक प्रयासों से भारत विकास की डगर पर लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सुप्रीम चेतावनी
क्षमा शर्मा



# स्त्री-पुरुष संबंधों को बराबरी की दृष्टि से देखने की जरूरत

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि शादी में रहते हुए किसी और से सम्बध बनाने के मामले में स्त्री भी अपराधी होती है। न्यायालय ने महिला को चेतावनी भी दी कि उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि उसने पति के रहते हुए भी किसी और से शारीरिक सम्बंध बनाए। मामला यह था कि एक विवाहित स्त्री ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके वकील का कहना था कि उक्त व्यक्ति ने उस महिला से शादी का झूठा वादा करके लम्बे अरसे तक शारीरिक सम्बंध बनाए। इसलिए उस आदमी की एंटीसिपेटरी बेल खारिज की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने महिला को डांटते हुए कहा कि आपको याद रखना चाहिए कि आप एक शादीशुदा महिला हैं। आप वयस्क भी हैं । आपके दो बच्चे हैं। ऐसे में पति के होते हुए भी इस तरह के व्यवहार का क्या परिणाम होता है, अच्छी तरह से जानती ही होंगी। आप उस व्यक्ति के बुलावे पर बार-बार होटल में गई ही क्यों। यह महिला 2016 में उस आदमी से सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। तब से दोनों में सम्बंध थे। महिला ने अपने पति से तलाक मांगा। उसका कहना था कि इसके लिए उसके पुरुष मित्र ने ही दवाब बनाया था। इस वर्ष मार्च में परिवार अदालत में तलाक हो गया। इसके बाद जब महिला ने अपने पुरुष मित्र से विवाह के बारे में कहा, तो उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बिहार में इस व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा कर दिया। पटना हाईकोर्ट ने उस व्यक्ति को एंटीसिपेटरी बेल दी थी। महिला इसी को खारिज कराने के लिए उच्चतम न्यायालय तक आई थी। मगर उच्चतम न्यायालय ने भी उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। महिला को डांटा भी। अरसे से अदालतें कह रही हैं कि दो वयस्कों के बीच शारीरिक सम्बंध दुष्कर्म नहीं होता है। बहुत बार देखा गया है कि जोड़े लिव इन में रहते हैं। बात नहीं बनी तो स्त्रियां दुष्कर्म का केस कर देती हैं। देखने की बात यह है कि जिन महिलाओं , बच्चियों को दुष्कर्म जैसे भयानक अपराध से गुजरना पड़ता है, उनमें से बहुत कम न्यायालय तक पहुंच पाती हैं। क्योंकि अपने देश में न्यायिक प्रक्रिया बहुत समय लेती है। कई साल पहले दुष्कर्म की शिकार एक चौदह साल की बच्ची ने एक बच्चे को जन्म दिया था। फिर कुछ दिनों बाद वह उस अपराधी के साथ ही रहने चली गई थी। उसने कहा था कि मेरे माता-पिता गरीब हैं। कब तक पुलिस और अदालतों के चक्कर काटूं। ऐसे में खुद को और अपने बच्चे को भूखा कैसे मरने दूं। कम से कम वह आदमी मुझे और मेरे बच्चे को रोटी तो देगा। निर्भया मामले में पूरे देश में उबाल आ गया था। प्रदर्शन और धरनों से देश हिल उठा। कठोर दुष्कर्म कानून की मांग हुई थी। नया कानून बना भी था, लेकिन कठोर कानून के बावजूद दुष्कर्म रुक नहीं सके। एनसीआरबी के अनुसार 2021 में पूरे देश में 31677 रेप केस दर्ज किए गए थे। इनमें से अधिकांश अपराध उन लोगों द्वारा किए गए थे, जो महिलाओं के परिचित या रिश्तेदार थे। तो क्या ये माना जाए कि इस तरह के कानूनों की जरूरत ही नहीं। यदि अपराध हैं, तो उनसे निपटने के लिए कानून भी होने चाहिए। इसके अलावा कानून तक हर एक की पहुंच होनी चाहिए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। कानूनी प्रक्रिया भी लम्बी नहीं होनी चाहिए साथ ही इसके लिए उन महिलाओं के लिए संसाधन जुटाने की जरूरत भी है, जो आर्थिक कारणों से इन तक नहीं पहुंच पातीं। यह बात भी सच है कि एक तरफ तो सताई गई स्त्रियां, किसी न किसी कारणवश कानून तक नहीं पहुंच पातीं, तो दूसरी तरफ साधन-सम्पन्न स्त्रियां बहुत बार कठोर कानूनों का दुरुपयोग करती हैं। ऐसी खबरें बार-बार आती हैं। जांच एजेंसियां भी कहती हैं कि बहुत से दुष्कर्म के मामले झूठे होते हैं। कई बार वे बदला लेने के लिए भी लगाए जाते हैं। जो कानून स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, यदि उनका दुरुपयोग होगा तो निश्चय ही कानूनों में लोगों का भरोसा कम होगा। जिसने कोई अपराध नहीं किया है, यदि उसे अपराधी बनाया जाए, तो फिर कानून की विश्वसनीयता भी कम होती है। आज के समय में जब बड़ी संख्या में युवक-युवतियां घर से बाहर निकलते हैं, साथ काम करते हैं, उनमें मैत्री भी होती ही है। सम्बंध भी बनते हैं। बहुत से लिव इन में भी रहने लगते हैं। जब सम्बंधों में दरार आने लगती है, लड़के वादे से मुकर जाते हैं, या किसी और सम्बंध में चले जाते हैं, तब लड़कियां गुस्से में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देती हैं। इन दिनों शादीशुदा स्त्रियां भी दूसरे सम्बंधों में आ जाती हैं। कोई कह सकता है कि यदि पुरुष विवाहित होते हुए, दूसरी स्त्रियों से सम्बंध रखते हैं, तो स्त्रियां ऐसा क्यों नहीं कर सकतीं। सवाल यही है कि क्या स्त्रियां पुरुषों के इस व्यवहार को उचित मानती हैं। नहीं न, तो स्त्रियों का ऐसा व्यवहार भी उचित कैसे माना जा सकता है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नकली बाबाओं के कृत्यों को छानना होगा

सभी धार्मिक संगठनों की पहल तो मृदु वचनों से ही होती है, जिनमें से कुछ तो पहले अज्ञानी लोगों को अपने ज्ञान-जाल में ऐसा फंसाते हैं, जहां से निकलने के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। बहुत कुछ खोने के बाद जब उन्हें होश आता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। बाबाओं के मकडज़ाल से भोले-भाले लोगों को बचाना सरकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उनके प्रवचनों में न जाकर उनकी पृष्ठभूमि की जांच करना जनहित में होगा। लोगों को चालाक और चालबाज बाबाओं से सचेत रहते की जरूरत है। देशभर में कई ऐसे बाबा हैं, जिनके चेहरों से नकाब उतर चुका है। मीडिया को भी लोगों को जागरूक करना चाहिए।

*– गिरीश नायक, बागबहरा*

## करंट अफेयर

# द. कोरिया और अमेरिकी सैन्य अभ्यास की किम ने की निंदा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास की निंदा की साथ ही दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए देश की परमाणु ताकत को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम ने यह बात परमाणु-सक्षम प्रणालियों से लैस सबसे उन्नत युद्धपोत का निरीक्षण करने के दौरान कही। किम जोंग उन ने सोमवार को ठीक उस समय पश्चिमी बंदरगाह नम्पो का दौरा किया जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया। दोनों देशों का यह अभ्यास परमाणु-हथियार संपन्न उत्तर कोरिया से उत्पन्न खतरों का बेहतर ढंग से मुकाबला करने की तैयारियों का हिस्सा है। यह 11 दिवसीय अभ्यास साल में दो बार होने वाले बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास में से दूसरा है। इसमें 21,000 सैनिक शामिल हैं, जिनमें 18,000 दक्षिण कोरियाई हैं और इसमें कंप्यूटर-आधारित कमांड पोस्ट संचालन तथा मैदानी प्रशिक्षण शामिल हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कहना है कि यह अभ्यास रक्षात्मक है, लेकिन उत्तर कोरिया लंबे समय से इन्हें हमले की तैयारी बताता आया है और अक्सर ऐसे मौकों पर हथियार परीक्षण करता है।



## ऑफ बीट

# बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा

एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी। इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंत:शिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।



## ट्रेंड

### हवाईअड्डे का विकास

केन्द्रीय कैबिनेट ने आज 1507 करोड़ की लागत से कोटा-बूंदी (राजस्थान) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास को मंजूरी दी। इस महत्वपूर्ण निर्णय से कोटा सहित आसपास के क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा व रोजगार को भी बढ़ावा मिलने वाला है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### विनम्र श्रद्धांजलि

हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक रचनाकार, 'पद्म भूषण' हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि ! ज्ञान, गहराई और गरिमा से सिंचित आपकी रचनाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना की अमिट अभिव्यक्ति हैं। आपका चिंतन, आपकी शैली हिंदी साहित्य की कालजयी विरासत है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां

हमारी सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष बाढ़ प्रबंधन की तैयारियाँ छह महीने पहले ही शुरू कर दी गई थीं। ऑन ग्राउंड जाकर वास्तविक स्थिति का जायज़ा भी ले रहे हैं और त्वरित मदद भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### क़ानून-व्यवस्था ठप

दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। बीजेपी से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की क़ानून-व्यवस्था।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

एसआईआर पर तीन बार स्थगित हुई लोकसभा

# लोकसभा में शोरगुल के बीच भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक- 2025 पारित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा तीन बार स्थगित हुई। तीसरे स्थगन के बाद शाम चार बजे जब लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई, तो विपक्षी सांसद विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए आसन के सामने आ गए। शोरगुल के बीच लोकसभा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित कर दिया। पीठासीन अधिकारी ने विरोध कर रहे सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित होने के बाद, सभापति ने सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले दोपहर 2 बजे दूसरे स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई तो लोकसभा ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा फिर से शुरू की, जो 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रित थी। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्ष पर कार्यवाही बाधित करने और सदन को इस तरह के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा नहीं करने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शुभांशु शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री बनकर देश को गौरवान्वित किया।

दुबे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र की उपेक्षा की और इसरो को मजबूत करने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने नम्बी नारायण मामले का भी उल्लेख करते हुए कहा कि कैसे राष्ट्रीय ख्याति के एक वैज्ञानिक को बड़ी यातना का सामना करना पड़ा। शोरशराबे के बीच सभापति ने सदन को शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारी सांसदों से सदन को शून्यकाल चलने देने का आग्रह किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। शोरगुल के बीच सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सुबह 11 बजे जब निचले सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सूचित किया कि अब कश्मीरी, कोंकणी और संथाली भाषाओं में अनुवाद की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अब तक हिंदी और अंग्रेजी के अलावा, 18 भाषाओं में अनुवाद की सुविधा प्रदान की जा रही थी, जिनमें असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, कन्नड़, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल हैं। बिरला ने बताया कि अब कश्मीरी, कोंकणी और संथाली को शामिल करने के साथ, सदन अब संविधान की 8वीं अनुसूची में उल्लिखित सभी 22 भाषाओं में अनुवाद की सुविधा प्रदान कर रहा है।

घोषणा के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की, लेकिन विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और विपक्षी सदस्यों को सदन के सुचारू संचालन में सहयोग करना चाहिए। बार-बार अपील के बावजूद, विपक्षी सदस्यों ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जिसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# 14 लोगों की मौत, मायानगरी हो गई पूरी तरह से 'जाम', मचा कोहराम

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश ने लोगों की आफत बढ़ा रखी है। राज्य में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। नांदेड़ में बादल फटने के बाद आई बाढ़ में 8लोगों की मौत हो गई। जबकि अलग-अलग घटनाओं में 6लोगों ने जान गंवा दी।

भारी बारिश के कारण बाढ़, सड़कें जाम होने और फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। रेल यातायात भी पुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसके साथ ही उड़ानों पर भी असर पड़ा है। लोगों को चेतावनी जारी की गई थी कि बेवजह घर से न निकलें।



## 290 लोगों को बचाया, सेना तैनात : मुख्यमंत्री

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि आगामी 48 घंटे बेहद अहम हैं, वे सावधानी बरतें। प्रशासन भी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सीएम ने बताया कि नांदेड़ जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों से 290 से अधिक लोगों को बचाया गया है। क्षेत्र में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना को तैनात किया गया है। म फडणवीस ने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण 12 से 14 लाख एकड़ भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गई हैं। मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनें या तो धीमी हो गई हैं या देरी से चल रही हैं।

## खबर संक्षेप

### जालंधर में महिला सहित 3 की दर्दनाक मौत



**जालंधर।** यहां एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया। दिल्ली से आ रही पंजाब रोडवेज की एक बस जब कपूरथला रोड स्थित सेठ हुक्म चंद कॉलोनी के पास पहुंची, तभी ड्राइवर को नींद आ गई। गाड़ी सड़क के दूसरी ओर चली गई। सामने से आ रहे एक टेंपो में महिला और दो युवक सवार थे।

### प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा, कान का पर्दा फटा



**कासरगोड।** स्कूलों में छात्रों की पिटाई की कई खबरें सामने आती रहती हैं। कई बार ये पिटाई इतनी भयानक हो जाती है कि छात्रों के मन में हमेशा के लिए खौफ भर जाता है। केरल के कासरगोड जिले से। यहां एक प्रधानाध्यापक यानी कि प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा और उसके कान का पर्दा तक फाड़ दिया।

### भिवानी, चरखी दादरी में इंटरनेट सेवाएं बंद



**भिवानी।** हरियाणा सरकार ने 19 साल की महिला टीचर की मौत को लेकर उपजे भारी जनाक्रोश के बीच मंगलवार को भिवानी और चरखी दादरी जिलों में 48 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट, बल्क एसएमएस और डोंगल सेवाओं को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया। शांति भंग होने की आशंका के चलते फैसला लिया गया है।

### 18 लाख महिलाओं ने की निःशुल्क यात्रा



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में हाल में शुरू की गई स्त्री शक्ति योजना के तहत सोमवार को 18 लाख से अधिक महिलाओं ने बस में निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने महिलाओं के लिए बस में निःशुल्क यात्रा योजना का वादा किया था। अकेले सोमवार को 18 लाख से अधिक महिलाओं ने निःशुल्क बस यात्रा का लाभ उठाया।

## संसद से सड़क तक बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर तकरार, पक्ष- विपक्ष में वार-पलटवार

# संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन सांसदों ने लगाए 'वोट चोर' के नारे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपना हमला तेज कर दिया और संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों की तस्वीरों वाला एक विशाल बैनर पकड़ा था। ये लोग चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इस बैनर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और पैनल के अन्य दो निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की तस्वीर थी और उस पर 'वोट चोर' और 'मौन अदृश्य धांधली' लिखा हुआ था।

### निष्पक्ष चुनावों पर उठाए गंभीर सवाल



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में संसद में अपने विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने हिंदी में किए गए पोस्ट में कहा निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता।इंडिया' गठबंधन ने सबूतों के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिनका जवाब निर्वाचन आयोग को विपक्ष को डराकर नहीं, बल्कि जांच करके देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों से लेकर संसद तक, मताधिकार की लड़ाई जारी है।

### इस मुद्दे पर कर रहे चर्चा की मांग

विपक्ष का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले ''मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। विपक्षी सदस्य इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।

### ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े विधेयक को भी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म को विनियमित करने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। सूत्र ने बताया कि यह विधेयक बुधवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट ने असली पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को विनियमित करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी है।

### राज्य सरकार गरीबों का मकान नहीं बना रही

*शिवराज ने कहा कि हम पैसा दे रहे हैं गरीबों के घर बनाने के लिए और तमिलनाडु की सरकार मकान स्वीकृत ही नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि ये गरीबों के साथ धोखा है, पाप है, अन्याय है। शिवराज ने आगे कहा कि तीन लाख से ज्यादा मकानों के लिए पैसा दिया जा चुका है, लेकिन मकानों के निर्माण पूरे ही नहीं हुए हैं।*

### भाजपा ने किया विपक्ष के नेता पर बड़ा हमला

#### राहुल झूठ बोल रहे

भाजपा ने राहुल पर करारा हमला बोला है। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी मतदान को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है।राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं। बिहार में महिला ने राहुल के आरोपों को झूठा कहा है। महाराष्ट्र से भी ऐसी ही खबर सामने आई है।

#### 19 दिन बाद भी नहीं मिली आपत्ति, 13 दिन शेष

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा, 19 दिन में एसआईआर पर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए अब केवल 13 दिन बचे हैं।

# राहुल 'मोहब्बत की दुकान नहीं, झूठ का शोरूम चला रहे', कांग्रेस पर भाजपा का वार

सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कथित फर्जी वोटिंग के आरोपों पर दाखिल याचिका को खारिज करने पर भाजपा ने साधा कांग्रेस पर निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का आरोप लगाया। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार को भाजपा ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि वो मोहब्बत की दुकान नहीं, बल्कि झूठ का शोरूम चला रहे हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कथित फर्जी वोटिंग के आरोपों पर दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि याचिका में कोई ठोस सबूत नहीं है और यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि वो मोहब्बत की दुकान नहीं, बल्कि झूठ का शोरूम चला रहे हैं।



गौरव भाटिया ने आगे राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि राहुल गांधी लगातार ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर झूठे आरोप लगाते हैं और जब उनसे सबूत मांगे जाते हैं तो पीछे हट जाते हैं। भाजपा नेता ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बोगस वोटिंग का आरोप लगाया गया था। इससे पहले भी याचिकाकर्ता ने 95 सीटों पर गड़बड़ी का दावा किया था, जिसे अदालत ने सिरे से नकार दिया था। भाजपा ने कहा कि जनता सच्चाई और ताकत के साथ खड़ी है, जबकि राहुल गांधी अराजकता और झूठ का मॉडल पेश कर रहे हैं।

भाटिया ने कहा कि 40 घंटे तक झूठ फैलाकर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की गई और चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठाए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि इस झूठ की जिम्मेदारी कौन लेगा और क्या राहुल गांधी इसके लिए देश से माफी मांगेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जब इतनी देर तक झूठी जानकारी फैलाई गई तो उसे देखने वाले लोग इसे सच मान बैठे होंगे। उन्होंने कांग्रेस पर जनता के विश्वास को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सीधे-सीधे लोकतंत्र पर हमला है। भाजपा का कहना है कि विपक्ष लगातार संस्थाओं को बदनाम करने की राजनीति कर रहा है, जबकि देश की जनता सच्चाई को समझती है और इस तरह की साजिशों को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

### अमित मालवीय ने भी एसआईआर को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा

महाराष्ट्र में मतदाता डेटा को लेकर चल रहे विवाद पर भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को घेरा है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जिस संस्थान के आंकड़ों पर भरोसा कर राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के मतदाताओं को बदनाम किया था, अब वही संस्थान मान चुका है कि उसके आंकड़े गलत थे। उन्होंने सवाल उठाया कि अब राहुल गांधी और कांग्रेस की क्या स्थिति है, जिसने बेशर्मी से निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और असली मतदाताओं को नकली बताकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश की। मालवीय ने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि राहुल गांधी को बिहार में चल रही अपनी घुसपैठिया बचाओ यात्रा तुरंत छोड़नी चाहिए।

सिंधु जल संधि पर पीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# देशहित को छोड़ पं. नेहरु ने अपनी ही छवि चमकाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली में एनडीए की बैठक हुई, जिसमें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीपी राधाकृष्णन के सार्वजनिक जीवन की तारीफ करते हुए विपक्षी समेत सभी पार्टियों से अपील की कि राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुना जाए। पीएम मोदी ने सिंधु जल संधि के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की आलोचना भी की।

पीएम मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश की संसद और अपनी कैबिनेट को भी भरोसे में लिए बगैर पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पीएम मोदी ने कहा कि 'पंडित नेहरू ने देश हित की कीमत पर अपनी छवि चमकाई और देश 80 फीसदी से ज्यादा पानी को पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी।



### मोदी सरकार ने समझौते को स्थगित किया

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार ने सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार उस समय की सरकारों द्वारा किए गए पापों को साफ कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने कहा था कि इस समझौते (सिंधु जल समझौते) से भारत-पाकिस्तान के बीच के अन्य मुद्दों और विवादों को हल करने में मदद मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

### राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति बनना देश के लिए खुशी की बात होगी: रिजिजू



*संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि पीएम मोदी ने सभी पार्टियों से अपील की है कि वे सीपी राधाकृष्णन को समर्थन दें ताकि ये सुनिश्चित हो सके कि वे निर्विरोध उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित हो सकें। रिजिजू ने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन बेहद सरल और किसी भी विवाद से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद पर चुना जाना पूरे देश के लिए खुशी की बात होगी। भाजपा नीत एनडीए के पास संसद में बहुमत है।*

# दुनिया महंगाई और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही, भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ रही: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सैयद जफर इस्लाम ने मंगलवार को कहा है कि जब पूरी दुनिया महंगाई और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में महंगाई भारत से कहीं ज्यादा है, जबकि यहां महंगाई नियंत्रित है। कांग्रेस जिस खाद्य महंगाई की बात करती है, वह वर्तमान में माइनस 1.6% है, यानी खाने-पीने की चीजों के दाम घटे हैं। जफर इस्लाम ने कहा कि वैश्विक



स्तर पर अमेरिका और ब्रिटेन में महंगाई भारत की तुलना में कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया महंगाई की मार झेल रही है, लेकिन भारत में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में खाद्य महंगाई दर नकारात्मक (-1.6%) है, जिसका मतलब है कि आम जनता के लिए खाने-पीने की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि टैरिफ को लेकर कई चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन भारत पर इनका असर बहुत कम होगा। भारत की जीडीपी में 57-58% योगदान स्थानीय खपत का है। यह वजह है कि भारत एक एक्सपोर्ट-ड्रिवन अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि लोकल कंजम्पशन पर आधारित है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टैरिफ के प्रभाव का देश की विकास गति पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।

किसानों की शिकायतें हल करने के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने दिए दिशा-निर्देश

# चौहान ने किसानों की शिकायतों के समाधान की व्यवस्था की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के विभिन्न पोर्टल और कॉल सेंटर पर आने वाली किसानों की शिकायतों की समीक्षा की।

इस बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि योजनाओं का निर्माण जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उनका उचित कार्यान्वयन भी है। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं विभिन्न पोर्टल्स के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं, उनका उचित निराकरण समय पर करने की व्यवस्था होनी चाहिए। व्यवस्था इतनी मजबूत होनी चाहिए कि जब किसान भाई-बहन इन पोर्टल्स के माध्यम से हमसे संपर्क करें, तब उन्हें भरोसा हो कि उनकी समस्याओं का निराकरण जरूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यवस्था यदि सही ढंग से नहीं चलती हो और खानापूर्ति मात्र रहे तो उसकी उपयोगिता सिद्ध नहीं हो पाती, इसलिए व्यवस्था को और सरल तथा मजबूत करना होगा, ताकि हमारे किसान भाइयों-बहनों को इसका समुचित लाभ मिल सकें और उनका हर तरह से समाधान हो सकें।

समस्याओं के तत्काल और उचित निराकरण से ही किसानों में भरोसा कायम रहेगा- शिवराज सिंह, किसानों की फसल खराब होने के मामले में एफआईआर दर्ज, लाइसेंस निलंबित करने के लिए केंद्र के कृषि विभाग ने राज्य को कहा



बैठक में किसानों की शिकायतों के सही निदान के तरीके और व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दिशा-निर्देश देते हुए शिवराज सिंह ने अधिकारियों से पी.एम. किसान पोर्टल, किसान ई-मित्र, किसान कॉल सेंटर सहित विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए मिल रही किसानों की समस्याओं की पूरी जानकारी ली और कहा कि अगले हफ्ते वे फिर से विस्तारपूर्वक समीक्षा करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री इन शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। साथ ही, समय-समय पर किसानों से भी बात करके जानेंगे कि उनकी समस्याओं का समाधान हुआ है या नहीं, ताकि वे पूरी तरह से संतुष्ट हो। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान भी उन्होंने ऐसी व्यवस्था बनाई थी, जिसके बेहद सकारात्मक परिणाम मिले थे। समस्याओं के तत्काल और उचित निराकरण से ही किसानों में भरोसा कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की संतुष्टि ही हमारा मुख्य ध्येय है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने संदेश जारी करते हुए किसान कॉल सेंटर के माध्यम से किसान भाइयों-बहनों से अपनी शिकायतें टोल फ्री नंबर 18001801551 के जरिए रजिस्टर करवाने का आह्वान किया है।

शीर्ष अदालत ने माना बाल विवाह नहीं

# 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया सही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सही ठहराया है। उसे और उसके 30 वर्षीय पति को संरक्षण दिए जाने के हाई कोर्ट के फैसले को भी बरकरार रखा है।सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को भी फटकार लगाई है।

आयोग ने इस लड़की की उम्र का हवाला देते हुए शादी पर सवाल उठाया था और इसे पॉस्को का उल्लंघन बताया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि अगर लड़की 15 साल की



उम्र पार कर चुकी है तो मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार वह मनपसंद व्यक्ति से शादी कर सकती है। इससे बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉस्को) के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता। हाई कोर्ट ने आशियाना, उसके पति जावेद और उसके बच्चे को सुरक्षा दी थी ताकि पारिवारिक सदस्यों समेत धमकी देने वाले सभी लोगों से उनकी हिफाजत हो सके।

## रेटिंग्स एजेंसी ने भारत की साख को बढ़ाया, सरकार आर्थिक सुधारों पर ध्यान दे रही

# अमेरिकी शुल्क से भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उच्च शुल्क से भारत की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि सरकार आर्थिक सुधारों पर ध्यान दे रही है और लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर पिछले सप्ताह 'बीबीबी' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीतिगत उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग में सुधार किया है।

**औसत वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहेगी**

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने कहा, '' हम उम्मीद करते हैं कि वृद्धि की यह गतिशीलता अगले तीन वर्ष तक जारी रहेगी और औसत वृद्धि दर करीब 6.8 प्रतिशत रहेगी। अगर भारत में बुनियादी ढांचे और संपर्क में सुधार होता है, तो इससे दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि में बाधा डालने वाली अड़चनें दूर होंगी। साथ ही भारत की संभावित वृद्धि यात्रा और आगे बढ़ेगी।''

### सभी उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू नहीं होगा

राणा ने कहा कि एक अन्य कारक यह है कि भारत से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 50 प्रतिशत का उच्च शुल्क लागू नहीं होता है। राणा ने कहा, यह एक जटिल माहौल है। कई ऐसे कारक हैं जो अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले समग्र प्रभाव को कम कर सकते हैं। फिर भी हम अर्थव्यवस्था पर कुछ अल्पकालिक विश्वास-संबंधी प्रभाव देख सकते हैं।

### अमेरिका भेजे जाने वाले सामान पर शुल्क लागू

अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त से लागू हो गया है। रूस से कच्चा तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से अमल में आएगा। फुआ ने साथ ही कहा कि भारत आर्थिक सुधारों, राजकोषीय समेकन और बुनियादी ढांचे में निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।




- लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास जारी
- महंगाई को काबू में रखने आरबीआई की नजर

### भारत की अर्थव्यवस्था कम व्यापार उन्मुख

उच्च अमेरिकी शुल्क के प्रभाव पर एसएंडपी एशिया प्रशांत के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत कम व्यापार-उन्मुख है, जिसमें बाह्य मांग का योगदान समग्र अर्थव्यवस्था में केवल 15 प्रतिशत है और 85 प्रतिशत घरेलू कारकों द्वारा संचालित है।

राणा ने कहा, '' यह एक

### भारत दुनिया का सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश

फुआ ने भारत की रेटिंग बढ़ाने पर आयोजित 'वेबिनार' में कहा कि भारत दुनिया की सबसे मजबूत और सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत पिछले तीन से चार वर्ष में अपने क्षेत्रीय समकक्षों की तुलना में वृद्धि के मामले में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

### भारतीय कंपनियों पर शुल्क का सीधा असर सीमित: फिच

फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क का सीधा असर सीमित है लेकिन अभी प्रभावित नहीं हुए दवा जैसे क्षेत्र भी भविष्य में होने वाली घोषणाओं की चपेट में आ सकते हैं।




अमेरिका ने भारतीय उत्पादों के आयात पर सात अगस्त से 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगा दिया है। फिच रेटिंग्स ने इस शुल्क के प्रभावों पर जारी एक बयान में कहा कि मौजूदा शुल्क से भारतीय कंपनियों पर परोक्ष असर बढ़ने का भी जोखिम दिख रहा है। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौता हो जाने पर यह जोखिम कम हो जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर आईएमए की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा संघ (IMA) द्वारा पारंपरिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चिकित्सा संघ (IMA) द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। यह मामला तब शुरू हुआ जब IMA ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में IMA ने आरोप लगाया था कि पतंजलि के विज्ञापन भ्रामक हैं और आधुनिक चिकित्सा को बदनाम करते हैं।आयुष मंत्रालय ने हटाया था नियम 1701 जुलाई 2024 को आयुष मंत्रालय ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 के नियम 170 को हटा दिया था। इस नियम के तहत आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी दवाओं के विज्ञापन के लिए राज्य लाइसेंसिंग अथॉरिटी से पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य था। इस नियम को हटाने से भ्रामक दावों को रोकने में कठिनाई बढ़ गई।हालांकि, अगस्त 2024 में सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस नियम को हटाने पर रोक लगाई थी और अस्थायी रूप से पूर्व स्वीकृति की शर्त को बहाल कर दिया था।सुप्रीम कोर्ट: केंद्र द्वारा हटाए गए नियम को कोर्ट कैसे बहाल कर सकता है?न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने सवाल किया कि जब केंद्र सरकार ने नियम को हटा दिया है, तो राज्य सरकारें इसे कैसे लागू कर सकती हैं? न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने सुझाव दिया कि चूंकि याचिका में मांगी गई मुख्य राहत पहले ही पूरी हो चुकी है, इसलिए इस मामले को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र द्वारा हटाए गए नियम को अदालत दोबारा बहाल नहीं कर सकती।पूर्व की सुनवाईयों में सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों, नियामक एजेंसियों की निष्क्रियता और बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदमों पर ध्यान केंद्रित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही भी शुरू की थी, जो बाद में कंपनी की बार-बार माफी मांगने पर बंद कर दी गई। कोर्ट ने यह चेतावनी भी दी थी कि AYUSH दवाओं के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने और निर्माण अनुमतियों को रोकने से अनुचित व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा मिल सकता है।

**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)**
लिक्विडेटर का पता – 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
संपर्क: +91 8693053567, ईमेल : liquidator.pratibha@gmail.com

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्तियों की बोली/प्रस्ताव का आमंत्रण, कॉर्पोरेट देनदार की संपत्तियों को ''जहां है, जैसी है, जो कुछ भी है, तथा बिना किसी रोक-टोक के आधार पर'' पेश किया जा रहा है। आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन, 2016 के विनियमन 37ए के तहत आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्तियों (''एनआरआरए'') के लिए निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति का हस्तांतरण – फार ईस्टर्न माइनिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी ज्वाइंट वेंचर (FEMC प्रतिभा जेवी) में 100% हिस्सेदारी की बिक्री<br>व्यापार और कर आयुक्त बनाम FEMC प्रतिभा ज्वाइंट वेंचर (सिविल अपील सं. 3940/2024) मामले में वैट रिफंड को छोड़कर | आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन 2016 के विनियमन 37ए के तहत आसानी से प्राप्त न होने वाली संपत्ति के असाइनमेंट के लिए बोलीदाताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव / बोली जमा करने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर 2025 है। |
| 2. | आसानी से वसूली योग्य न होने वाली संपत्ति का समनुदेशन–<br>1) IA 1420 of 2020– 'PUFE आवेदन' में 233.25 करोड़ रुपये की राशि हेतु NCLT के 8 अक्टूबर 2024 का आदेश<br>2) IA 1420 of 2020 - 'PUFE आवेदन' में 71.99 करोड़ रुपये की राशि हेतु NCLT के 8 अक्टूबर 2024 के आदेश के विरुद्ध NCLAT के समक्ष अपील दायर की गई। | |

नोट: विस्तृत नियम एवं शर्तें, बोली दस्तावेज, घोषणा और अन्य विवरण इच्छुक बोलीदाता से liquidator.pratibha@gmail.com पर मेल प्राप्त होने पर प्रदान किए जाएंगे। असाइनमेंट/ट्रांसफर IBC 2016, उसके तहत बनाए गए विनियमों और प्रक्रिया दस्तावेज के प्रावधानों के अधीन होगा।

हस्ता/-
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक वैधता
पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पता: 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093
ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com
दिनांक 20 अगस्त, 2025
स्थान: मुम्बई

**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)**
लिक्विडेटर का पता – 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
संपर्क: +91 8693053567, ईमेल : liquidator.pratibha@gmail.com

ई-नीलामी – आईबीसी के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री, 2016
ई-नीलामी की तिथि और समय: 19 सितम्बर 2025 (शुक्रवार) अपर्া. 01:00 बजे से अपर्া. 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो आईबीसी 2016 की धारा 35(एफ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ परिसमापन संपत्ति का हिस्सा है। ई-नीलामी "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" के आधार पर, "जो कुछ भी है" और "कोई वापसी नहीं" के आधार पर आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी बिक्री ई-नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से ई-विक्रय नीलामी मंच वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

भारतीय राशि में

| क्र. सं. | विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| मर्सिडीज बेंज और BMW 7 सीरीज 730Ld एमिनेंस की बिक्री (पार्सल में संपत्ति की बिक्री) | | | | |
| नीलामी की तिथि और समय: 19 सितंबर 2025 (शुक्रवार) दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक | | | | |
| 1. | मर्सिडीज बेंज एस-350 (MH04 HD 0006) और बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज 730Ld एमिनेंस (MH04GR9009) | 46,70,294/- | 4,67,030/- | 46,750/- |

नोट:
1. बोली लगाने की अनुमति ईएमडी जमा करने पर दी जाएगी।
2. परिसमापक बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह एक गैर-बाध्यकारी प्रक्रिया है और परिसमापक/हितधारक परामर्श समिति के विवेक के अधीन होगी। अधिक जानकारी के लिए प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
3. संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29ए के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं, जहां तक लागू हो और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।

बोली दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि: सोमवार, 15-09-2025
निरीक्षण की अंतिम तिथि: सोमवार, 15-09-2025
ई-नीलामी के लिए ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: सोमवार, 15-09-2025
ई-नीलामी की तिथि और समय: शुक्रवार, 19-09-2025

नोट: विस्तृत नियम व शर्तें, ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया नीचे दिए गए हस्ताक्षरकर्ता से liquidator.pratibha@gmail.com पर संपर्क करें।

हस्ता/-
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक वैधता
पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पता: 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093
ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com
दिनांक 20 अगस्त, 2025
स्थान: मुम्बई

**मेरा किया जो काटे उसे ईनाम**
**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 371 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही। जीएसटी में प्रस्तावित सुधारों के साथ वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा टाटा मोटर्स में बढ़त के साथ बीएसई सेंसेक्स 371 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के करीब पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 370.64 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 81,644.39 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 482.13 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''जीएसटी को तर्कसंगत बनाने और भारत की साख में हाल में सुधार से उत्साहित बाजार में तेजी जारी रही। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव कम होने के संकेतों से भी धारणा मजबूत हुई है। इससे निकट भविष्य को लेकर दृष्टिकोण रचनात्मक

- बाजार में जीएसटी में प्रस्तावित सुधार का असर दिखा



### टाटा मोटर्स में 3.5 फीसदी का लाभ

विश्लेषकों के अनुसार, दिवाली तक माल एवं सेवा कर प्रणाली में बड़े सुधारों की योजना और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक चिंताओं में कमी से बाजार में धारणा मजबूत बनी रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा 3.5 प्रतिशत के लाभ में रही जबकि अदाणी पोर्ट्स में 3.16 प्रतिशत की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.82 प्रतिशत चढ़ा।

### मारुति रही लाभ में

इसके अलावा इटर्नल, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल टेक शामिल हैं।

### सोना 500 और चांदी 1,000 रुपए फिसली

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,00,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 450 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोमवार को यह 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में खुशी की लहर कपास पर इम्पोर्ट ड्यूटी 42 दिन के लिए हटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास पर आयात शुल्क में छूट दे दी है। इससे देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को राहत मिली है, जो पहले से ही कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी टैरिफ जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। इस इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना था कि छूट से इस सेक्टर को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी। जारी आदेश में कपास के आयात पर सीमा शुल्क में अस्थाई छूट की घोषणा की गई।अमेरिका ने पहले भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। इसके बाद रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की भी धमकी दी। वहीं, दूसरे एशियाई देशों जैसे कि बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत, वियतनाम पर भी 20 प्रतिशत और चीन पर 30 प्रतिशत का टैरिफ लगाया गया है।

### सरकार के समक्ष रखी गई थी मांग

कंफिडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (सीआईटीआई) जैसे उद्योग निकायों ने सरकार से कपास पर आयात शुल्क को वापस लेने का आग्रह किया था। इस छूट से पहले कपास के आयात पर 11 प्रतिशत शुल्क लगता था।

# इमामी एग्रोटेक का खाद्य उत्पादों के बाजार में कदम

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत इमामी समूह की इकाई इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने मंगलवार को आटा, मैदा जैसे खाने के सामान के बाजार में उतरने की घोषणा की। कंपनी के एक अधिकारी ने बयान में कहा कि यह कदम कंपनी के भारत के 80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के 'ब्रांडेड स्टेपल' यानी दैनिक उपयोग में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की श्रेणी में विस्तार का प्रतीक है। यह अगले तीन से पांच साल में खाद्य क्षेत्र को 2,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी ने इमामी हेल्दी एंड टेस्टी ब्रांडेड आटा, मैदा और सूजी के पेशकश की घोषणा की। इमामी समूह के निदेशक विभाष वी. अग्रवाल ने कहा, ''यह सिर्फ एक श्रेणी में प्रवेश से कहीं ज्यादा एक उद्देश्यपूर्ण कदम है... इस पेशकश के साथ, हमारा इरादा पेंट्री से भारतीय रसोई के केंद्र में प्रवेश करने और दैनिक अनुष्ठानों, पारिवारिक भोजन और भोजन से जुड़े भावनात्मक बंधनों का एक अभिन्न अंग बनने का है।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

### दुनिया की पहली बिना हाथों वाली महिला पैरा तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी के साथ डेलॉइट इंडिया की साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत का भविष्य उन व्यक्तियों के प्रयासों में आकार ले रहा है, जो सीमाओं में आगे सपने देखते हैं और अपनी सम्पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। टेलाइट इंडिया ने आज विविध प्रतिभाओं क साथ जुटने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए 18 वर्षीय शीतल देवी के साथ साझेदारी है, जो दुनिया की पहली बिना हाथो बानी महिना पैरा तीरंदाज और पैरालंपिक पदक विजेता है। मजाक उड़ाए जाने के बावजूद 15 माल की उम्र में शीतल ने धनुष उठाया और मात्र 16 साल की उम्र में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई। उन्होंने 17 साल की उम्र में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया और नाथ ही पैरालंपिक कांस्य पदक भी जीता। शीतल नगातार बाधाओं को नोड रही हैं, नीमाओं को

### उत्तर रेलवे स्टेशनों पर चिकित्सा देखभाल का एक नया युग


**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने आपातकालीन चिकित्सा कक्षों के साथ यात्री सुरक्षा बढ़ाई यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और चिकित्सा सेवा प्रदान करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, उत्तर रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) स्थापित किए हैं। यह विकास यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे की प्रतिवद्धता को दर्शाता है। लखनऊ मंडल ने इस पहल को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई है और वाराणसी तथा लखनऊ-चारबाग स्टेशनों पर ईएमआर शुरू किए हैं। ये सुविधाएँ यात्रियों को चौबीसों घंटे चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं।




### बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कंपनी की 61 वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री के. सदाशिव मूर्ति ने आज कंपनी के निदेशक मंडल की उपस्थिति में कंपनी की 61 वीं वार्षिक आम बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शेयरधारकों को संबोधित किया।

## शब्द पहेली - 5963





**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सद,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5962 का हल**







# कोहली के 17 साल, वनडे में ठोके 51 शतक, दर्ज हैं कई विराट रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे किए हैं। उन्होंने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका क्रिकेट टीम के पहला वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलना जारी रखा है। अपने बेमिसाल करियर में उन्होंने विश्व क्रिकेट के कई अहम रिकॉर्ड्स बनाए हैं।

### वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक

कोहली वनडे में सबसे अधिक शतक जमाने वाले बल्लेबाज हैं। वनडे विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपने वनडे क्रिकेट करियर का 50वां शतक जमाया था। ऐसा कर उन्होंने पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (49) का रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली के नाम फिलहाल 51 वनडे शतक हैं। इन दोनों के बाद सूची में भारतीय कप्तान रोहित (32), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (30), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (28) और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला (27) हैं।

### वनडे में तीसरे सर्वाधिक रन

कोहली वनडे क्रिकेट में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अब तक 302 वनडे मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइक रेट से 14,181 रन बना चुके हैं। इस सूची में पहले नंबर पर तेंदुलकर हैं जिन्होंने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 463 मैचों में 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज संगाकारा हैं। उन्होंने 404 मैचों में 41.98 की औसत से 14,234 रन बनाए थे।



### टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान हैं कोहली

कोहली ने कप्तान के तौर पर 68 टेस्ट खेले, जिसमें 5,864 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 20 शतक और 18 अर्धशतक लगाए थे। कोहली के बाद दूसरे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं। धोनी ने भारत की कप्तानी करते हुए 40.64 की औसत से 3,454 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 5 शतक और 24 अर्धशतक लगाए थे।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 से अधिक रन

कुल मिलाकर कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 27,599 रन बनाए हैं, जो केवल तेंदुलकर (34,357) और संगकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली के 82 अंतरराष्ट्रीय शतक तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा हैं। कोहली के नाम रिकॉर्ड 143 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक भी हैं। कोहली 3 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 8 या उससे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।

### भारत से चौथे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले बल्लेबाज

कोहली ने अपने टेस्ट करियर का अंत 9,230 रन के साथ किया था। उन्होंने नाबाद 254 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। वह टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज है। उनसे आगे सिर्फ तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) ही हैं।

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी

कोहली ने अपने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज साल 2010 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ किया था। उन्होंने अपने करियर में 125 मुकाबलों की 117 पारियों में 4,188 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक के अलावा 38 अर्धशतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122* रन का रहा है। वह रोहित शर्मा (4,231) और बाबर आजम (4,223) के बाद तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी हैं।

## खबर संक्षेप



### इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब

**सिनसिनाटी (अमेरिका)।** विश्व में तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सातवें नंबर की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वियातेक सिनसिनाटी ओपन में अपने पिछले छह मुकाबलों में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। वह पिछले दो वर्षों में सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन 2023 में कोको गॉफ और 2024 में एरीना सबालेंका से हार गईं थी। स्वियातेक मैच जीतकर अपने करियर का 24वां एकल खिताब हासिल करने में सफल रहीं। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया लेकिन स्वियातेक पहला सेट 56 मिनट में जीतने में सफल रही। स्वियातेक के मैच के आठवें ऐस ने उन्हें दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त दिला दी।

### शॉ ने बुची बाबू टूर्नामेंट में जड़ा शानदार शतक



**चेन्नई।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने मंगलवार को चेन्नई में खेले जा रहे बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड के दूसरे दिन महाराष्ट्र क्रिकेट टीम की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मुकाबले में शतक जड़कर दमदार वापसी की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 122 गेंदों में 14 चौके और 1 छक्के की मदद से शानदार शतक लगाया। बता दें कि शॉ ने घरेलू क्रिकेट के इस सत्र में मुंबई की जगह महाराष्ट्र से खेलने का फैसला किया था। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 252 रन बनाए थे। जवाब में महाराष्ट्र के लिए शॉ और सचिन धस (10) ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद टीम ने 15 रन के अंदर 4 विकेट गंवा दिए। रुतुराज गायकवाड़ और कप्तान अंकित बावने भी सस्ते में आउट हो गए।

### सिंकफील्ड कपः प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया



**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है।

## एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से, 14 को पाकिस्तान से मुकाबला

# भारतीय टीम का ऐलान, सूर्य कप्तान, शुभमन उपकप्तान, बुमराह खेलेंगे, यशस्वी-अय्यर बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप के आगामी संस्करण की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है, जिसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम का ऐलान किया है। टी-20 प्रारूप में होने वाले अगले संस्करण के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है। वह इस टूर्नामेंट के लिए फिट हो चुके हैं। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। उनके साथ-साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टीम में चुने गए हैं। आइए भारत की टीम पर एक नजर डालते हैं।

### जायसवाल-अय्यर का नहीं हो सका चयन

यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर का टीम में चयन नहीं हुआ है। जायसवाल ने भारतीय टीम से 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36.15 की औसत और 164.31 की स्ट्राइक रेट के साथ 723 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाए थे। अय्यर ने भारत की ओर से अब तक 51 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 30.66 की औसत और 136.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 1.104 रन बनाए हैं।







**ग्रुप-ए :** भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है।

**ग्रुप-बी :** बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग की टीम है।



### भारत-पाकिस्तान में होगी भिड़ंत

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगा, जबकि बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 19 मैच खेले जाएंगे, जिनमें ग्रुप चरण के बाद सुपर-4 के 6 मुकाबले और फिर 28 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। सभी मुकाबले यूएई में ही खेले जाएंगे।

### एशिया कप के लिए ऐसी है भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, और जितेश शर्मा।

### ये खिलाड़ी हैं स्टैंडबाई में शामिल

प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और जायसवाल को स्टैंडबाई खिलाड़ियों के तौर पर चुना गया है। तेज गेंदबाज कृष्णा आईपीएल 2025 में पर्पल कैप हासिल करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 19.52 की औसत के साथ 15 मैचों में 25 विकेट लिए थे। वह इंग्लैंड दौरे पर भी टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का भी चयन नहीं हुआ है।

### धोनी की कप्तानी में भारत ने 1 बार जीता है एशिया कप



अब तक 2 एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेले गए हैं, जिसमें से 1 में भारतीय टीम विजेता बनी थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2016 में खेले एशिया कप को भारत ने जीता था। खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया था। इसके बाद 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम सुपर-4 चरण से भी आगे नहीं बढ़ सकी थी।

## एशिया कप हॉकी

# पाक-ओमान नहीं, बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। टूर्नामेंट के शेड्यूल के अनुसार मेजबान भारत को चीन, जापान और कजाखस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश को जगह मिली है।

मलेशिया और बांग्लादेश के मुकाबले के साथ 29 अगस्त को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन के अंतिम मुकाबले में भारत और चीन आमने-सामने होंगे। फाइनल, तीसरे स्थान का प्ले ऑफ और पांचवें-छठे स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला सात सितंबर को होगा।

### पाक ने किया इनकार बांग्लादेश को मिली जगह

भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया। आयोजकों ने आठ टीम के इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह लेने के लिए पहले ही बांग्लादेश से संपर्क कर लिया था। यह टूर्नामेंट 2026 विश्व कप की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है।

### बीएफआई चुनावः अजय को चुनौती देंगे जसलाल प्रधान

**नई दिल्ली।** ओलंपियन जसलाल प्रधान बृहस्पतिवार को होने वाले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये अजय सिंह को चुनौती देंगे जो लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं। अंतिम सूची के अनुसार उत्तराखंड प्रदेश ईकाई के सिंह का सामना सिक्किम अमैच्योर मुक्केबाजी संघ के प्रमुख प्रधान से होगा जिन्होंने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में लाइट वेल्टरवेट वर्ग में भाग लिया था। बीएफआई के पूर्व अध्यक्ष राजेश भंडारी फिर उपाध्यक्ष पद के लिये लड़ेंगे। महासचिव पद के लिये उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी के प्रमोद कुमार, बीएफआई के पूर्व कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह और दिल्ली के नीरज जैन दौड़ में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिये तमिलनाडु के पोन भास्करन, पुडुच्चेरी के आर गोपू और ओडिशा के अनिल बोहिदर मुकाबले में हैं।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप

# तन्वी, उन्नति और भार्गव भारतीय टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और रक्षिता श्री भी शामिल हैं। सुहांदिनाता कप (मिश्रित टीम चैंपियनशिप) छह से 11 अक्टूबर तक खेला जाएगा, जिसके बाद 13 से 19 अक्टूबर तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में व्यक्तिगत स्पर्धाएं होंगी। देश ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं।





### भारतीय टीम इस प्रकार है

**लड़कों के एकल (अंडर19):** रौनक चौहान, ज्ञान दत्तू टी.टी., लालथजुआला एच, सूर्याक्ष रावत

**लड़कियों के एकल (अंडर 19):** तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला, उन्नति हुडा, रक्षिता श्री एस।

**लड़कों के युगल (अंडर19):** सुमिथ ए.आर./भाव्या छाबड़ा, भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोबुरु, विष्णु केदार कोडे/मिथिलेश पी. कृष्णन

**लड़कियों के युगल (अंडर19):** वेन्नाला कलागोटला/रेशिका यू. गायत्री रावत/मनसा रावत, आन्या बिष्ट/एंजेल पुनेरा

**मिश्रित युगल (अंडर19):** भाव्या छाबड़ा/विशाखा टोप्पो, लालरामसंगा सी/तारिणी सूरी, विष्णु केदार कोडे/कीर्ति मनचला, वंश देव/डियांका वाल्डिया।

# सट्टेबाजी ऐप से कथित जुड़ाव के लिए अकरम के खिलाफ शिकायत दर्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम के खिलाफ खेल से जुड़े ऑनलाइन 'जुआ और सट्टेबाजी' मंच से जुड़ने और उसे बढ़ावा देने के लिए शिकायत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता मुहम्मद फैज ने लाहौर में राष्ट्रीय साइबर अपराध एजेंसी (एनसीसीआईए) में शिकायत दर्ज कराते हुए जुआ और सट्टेबाजी ऐप का कथित तौर पर प्रचार करने के लिए अकरम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फैज ने कहा कि यह पूर्व तेज गेंदबाज ब्रांड दूत के रूप में विदेशी सट्टेबाजी ऐप 'बाजी' से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने कहा, ''सोशल मीडिया पर प्रसारित एक पोस्टर और एक वीडियो क्लिप में वसीम अकरम को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का समर्थन करते हुए दिखाया गया है जिससे ऐप में आम लोगों के बीच रुचि पैदा हो गई है।'' शिकायतकर्ता ने एनसीसीआईए से आग्रह किया है कि इलेक्ट्रॉनिक अपराध अधिनियम 2016 के तहत अकरम के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# मनु ने कांस्य, जूनियर वर्ग में रश्मिका ने जीता तीसरा स्वर्ण

**कजाकिस्तान।** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।



**रश्मिका ने कोरियाई खिलाड़ी को पछाड़ा**

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालीफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था।

**चीन को स्वर्ण, कोरिया को मिला रजत पदकः** मनु भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला।

**अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शनः** भारत की अन्य खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता में केवल रैंकिंग अंकों के लिए भाग ले रही ईशा सिंह 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं। भाकर, सुरुचि सिंह और पलक की तिकड़ी टीम स्पर्धा में 1730 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (ग्रुप-9) (जीएसटी के बिना) कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में पलवल निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद रोड पर चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम पृथला (आईडी 10734) आरडी 0.00 से 0.98 कि.मी., अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम बंचारी (आईडी 12553) आरडी 0.00 से 0.25 कि.मी., अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम अछेजा (आईडी 12554) आरडी 0.00 से 0.25 कि.मी. और अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम खेडला (आईडी 12555) आरडी 0.00 से 0.29 कि.मी. + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.08.2025 | 759.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (मुलाना निर्वाचन क्षेत्र) शाहाबाद-बराड़ा-काला आम्ब रोड से कसेरलान कलां (रोड आईडी 379) तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 18.08.2025 28.08.2025 | 56.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला हिसार रोड से नदियाली खेड़ा से खेड़ा मेतलान से रसुलपुर से एमएसएन रोड (रोड आईडी 140 जमा 113 जमा 120 जमा 74) (कि.मी. 0.00 से कि.मी. 16.200) सम्पर्क सड़क का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) + 1 कार्य। | 14.08.2025 23.08.2025 | 826.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में वर्ष 2024-25 हेतु नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX स्कीम के तहत एचपीएन रोड (सिंगार) से एचएनपीपी रोड (सौंध) वाया अंधोप खायका आरडी 0.00 से 10.40 कि.मी. (रोड आईडी 3390 और 3374) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सुधार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.08.2025 | 605.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | टोयोटा फॉर्चूनर वाहनों का बुलेट प्रूफिंग कार्य। | 20.08.2025 04.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मल्टी लेयर्ड क्रॉस लैमीनेटेड टरपूलिंस। | 20.08.2025 03.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | एक्सपोर्ट स्कीम के लिए ट्रेड इंफ्रास्ट्रक्चर (टीआईईएस) के तहत गुणवत्ता विपणन केन्द्र, फरीदाबाद के अपग्रेडेशन हेतु विभिन्न मशीनरी की खरीद। | 20.08.2025 18.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गांव रामथाली में एसएचसी का निर्माण + 6 कार्य। | 14.08.2025 21.08.2025 | 326.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | मोहरी - गांव मोहरी में अम्बेडकर भवन का निर्माण, एसबीडी (एम) केकेआर। | 14.08.2025 01.09.2025 | 16.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव गोठरा मोहब्बताबाद ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, एचआरडीएफ + 1 कार्य। | 18.08.2025 26.08.2025 | 71.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 11 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सिटी बस सेवाओं हेतु सेक्टर-5, पंचकूला, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 19.08.2025 17.09.2025 | 1232 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सिटी बस सेवाओं हेतु अम्बाला सिटी, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 19.08.2025 17.09.2025 | 1195 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 13 | बागवानी विभाग आईएचडीसी होडल, पलवल | वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में ''आईएचडीसी'', होडल (पलवल) में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम की आपूर्ति व स्थापना हेतु ई-निविदा (गुड्स एंड सर्विसेज) की सार्वजनिक सूचना के सम्बन्ध में। | 21.08.2025 10.09.2025 | 7800/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 ddhihdchodal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/260/37831/I/88/7 दि. 19.08.25




## हिमाचल में बरसात का कहर जारी

# चौहारघाटी में तबाही, लगघाटी में फटा बादल, शिमला के बैनमोर में भूस्खलन से भवनों पर मंडराया खतरा


*राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। भारी बारिश से राजधानी शिमला में भी कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं*

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में बरसात का कहर लगातार जारी है। राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। भारी बारिश से राजधानी शिमला में भी कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। शिमला शहर के बैनमोर वार्ड के राजभवन क्षेत्र में देर रात भारी भूस्खलन के चलते सड़क ठप हो गई। इस मामले में सरकारी व निजी मिलाकर 10 से ज्यादा भवनों पर खतरा मंडराने लगा है। इस भूस्खलन में फंसे 40 से ज्यादा लोगों को प्रशासन ने रात के समय ही सुरक्षित निकाल कर दूसरे स्थानों में शिफ्ट कर दिया था। मंगलवार सुबह महापौर सुरेंद्र चौहान समेत नगर निगम और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य का जायजा लिया। वहीं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी सुबह मौके पर नुकसान का जायजा लिया।

**10 से ज्यादा भवन खाली करवाए गए**

**नेता प्रतिपक्ष ने नुकसान का लिया जायजा**





### लगघाटी के कड़ौन गांव में बादल फटा

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ सटी लगघाटी की ग्राम पंचायत चौपाड़सा के कड़ौन गांव में बादल फटने सूचना है। इससे पंचायत के करीब 15 परिवारों की कई बीघा कृषि योग्य भूमि बह गई है। इसके अलावा पंचायत में दो मकान, दो बस योग्य पुल और तीन दुकानें भी बह गईं। भूभू जोत में बादल फटने से भूभू नाला का जलस्तर बढ़ गया, जिससे लगघाटी में तबाही मची। इससे सरवरी खड्ड भी उफान पर है। रूजग और तेलंग में दो पुल बह गए। इससे दुर्गम चार पंचायतों का संपर्क कट गया है। भूतनाथ ब्रिज को जोड़ने वाली सड़क का 50 मीटर से अधिक हिस्सा बह गया है।



### कठुआ में बचाव अभियान जारी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रविवार को बादल फटने के बाद से रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। राइजिंग स्टार कोर के जवान, पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर परिवारों को बचाने, उन तक खाने की चीजें और मेडिकल देखभाल उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहे हैं। कठुआ थाना क्षेत्र के बगड़ और चंगड़ा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवां-हुटली में भी भूस्खलन की घटनाएं हुई, लेकिन किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। भारी बारिश के चलते उझ नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है और बाढ़ का पानी घरों और दुकानों के अंदर घुस गया है।

### भट्टाकुफर फल मंडी में दरकी पहाड़ी

शिमला के भट्टाकुफर में स्थित फल मंडी में मंगलवार सुबह 8:30 अचानक पहाड़ी दरकना शुरू हुई। इस दौरान मंडी में कारोबार चल रहा था।

### चौहारघाटी में अचानक बाढ़ से नुकसान

*मंडी जिले के पधर उपमंडल के तहत आने वाली दुर्गम चौहारघाटी में बीते सोमवार रात और मंगलवार सुबह हुई भारी बारिश के कारण व्यापक नुकसान हुआ है। घाटी की दो पंचायतें अधिक प्रभावित बताई जा रही हैं, जिसमें शिल्हबुधाणी और तरस्वाण शामिल हैं। 6 फीट चौड़ा ब्रिज, एक वाहन, एक दुकान और सैकड़ों बीघा में लगाई फसल पानी के तेज बहाव के साथ बह गई। किसी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।*

### किन्नौर कैलाश यात्रा अगले साल तक बंद

*जिला उपायुक्त डॉक्टर अमित कुमार शर्मा ने बताया कि किन्नौर कैलाश यात्रा 2025 के दौरान लगातार बारिश, भूस्खलन, धुंध और मौसम की अन्य परिस्थितियों के कारण यात्रा मार्ग अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है। तात्कालिक खतरे को देखते हुए प्रशासन किन्नौर ने किन्नौर कैलाश यात्रा को तत्काल प्रभाव से इस वर्ष के लिए बंद किया है।*

## खबर संक्षेप

### गुयाना में 'कृत्रिम अंग कैंप' का भारत ने किया आयोजन



**नई दिल्ली।** कैरिबियाई क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, भारत सरकार ने इस क्षेत्र में कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने का वादा पूरा किया है। भारतीय कंपनी 'कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड' ने गुयाना के स्वास्थ्य मंत्रालय और कैरिबियन समुदाय सचिवालय के सहयोग से गुयाना की राजधानी जॉर्ज टाउन स्थित रिहैबिलिटेशन सेंटर में अंग दान और फिटमेंट कैंप का शुभारंभ किया।

### सिएटल में पहली 'इंडिया डे परेड' का हुआ आयोजन



**सिएटल।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत सिएटल में पहली बार 'इंडिया डे परेड' आयोजित की गई। इस दौरान 28 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते 30 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए। हर स्टॉल पर संबंधित राज्य के एक जिला एक उत्पाद के तहत चुने गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, इन उत्पादों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को भी दर्शाया गया। कई विषयों पर आधारित खास प्रदर्शनियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं।

## रूसी विदेश मंत्री की ईयू को फटकार

# यूरोपीय देश सीजफायर के पक्ष में, नहीं होने देंगे शांति समझौता



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन की बैठक के बाद यूक्रेन में शांति समझौते को लेकर अमेरिका में चर्चाओं का दौर जारी है। व्हाइट हाउस में ट्रंप-जेलेंस्की के साथ-साथ यूरोपीय देशों के कई नेताओं की मीटिंग हुई, जिसमें यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा हुई। व्हाइट हाउस में मीटिंग के बाद रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ की और यूरोपीय नेताओं पर जमकर निशाना साधा।

लावरोव के अनुसार, ट्रंप शांति समझौता चाहते हैं, जो लंबे समय तक हो, जबकि यूरोपीय देश सीजफायर के पक्ष में है। सर्गेई लावरोव ने कहा कि अलास्का में व्लादिमीर पुतिन के साथ ट्रंप की बैठक का माहौल बहुत अच्छा था। यह स्पष्ट था कि अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी टीम ईमानदारी से इस युद्ध को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वे ऐसा परिणाम चाहते हैं जो लंबे समय के लिए, टिकाऊ और विश्वसनीय हो।

### दो हफ्तों में मिलेंगे पुतिन-जेलेंस्की

ट्रंप और जेलेंस्की के बीच हुई अहम बैठक के बाद जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए राजी करने का श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया। जर्मन चांसलर ने कहा कि बैठक किस जगह पर होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। इसी बैठक के लिए पुतिन ने ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान सहमति जताई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति से फोन पर बात की और इस बात पर सहमति जताई गई कि अगले दो हफ्तों में रूसी राष्ट्रपति और यूक्रेनी राष्ट्रपति के बीच एक बैठक होगी। मर्ज ने कहा कि ट्रंप ने बाद में एक और त्रिपक्षीय बैठक का निमंत्रण देने पर सहमति जताई है, ताकि बातचीत वास्तव में शुरू हो सके। ट्रंप इस बात से प्रभावित हैं कि यूरोपीय देश एकजुट हैं।

### टी शर्ट और ट्राउजर में नजर आते हैं जेलेंस्की

*यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की साधारण ऑलिव ग्रीन या मिलिट्री ग्रीन टी-शर्ट और ट्राउजर में ही नजर आते हैं। यह ड्रेस अक्सर सेना के जवानों और युद्ध के मैदान में काम करने वाले लोगों से जुड़ी होती है। जेलेंस्की यह दिखाना चाहते हैं कि वो अपने सैनिकों और देशवासियों से अलग नहीं हैं।*

## भारत-ताइवान संबंध आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से जुड़े हुए हैं

# चीन का दावा खारिज करते हुए बोला भारत, ताइवान पर नहीं बदला नई दिल्ली का रुख

बीते सोमवार को जयशंकर-वांग यी की बैठक के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में किया था वन चाइना सिद्धांत को भारत द्वारा समर्थन देने का दावा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में हुई भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की व्यापक द्विपक्षीय बैठक के बाद चीन के विदेश मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में किए गए भारत के 'वन चाइना सिद्धांत (ताइवान को चीन का हिस्सा मानना)' को समर्थन देने के दावे को भारत ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर खारिज कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि ताइवान को लेकर नई दिल्ली के रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### चीन के विदेश मंत्री ने उठाया मुद्दा

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में इस मुद्दे को चीन की तरफ से उठाया गया था। जिस पर भारत ने अपना पक्ष रखते हुए साफ तौर पर कहा कि ताइवान के मामले पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। बाकी दुनिया की तरह ही भारत-ताइवान के संबंध भी आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर आधारित हैं। जिन्हें वह आगे भी जारी रखने का इच्छुक है। बैठक में भारत ने पाया कि चीन भी इन क्षेत्रों में ताइवान को सहयोग प्रदान कर रहा है। चीन के विदेश मंत्री बीते 18 अगस्त से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर थे। वर्ष 2020 के मध्य में भारत-चीन के बीच हुए एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद उनकी यह पहली भारत यात्रा है। जिसमें उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा एनएसए अजीत डोभाल से भी मुलाकात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी चीन के विदेश मंत्री ने शिष्टाचार भेंट की। बताते चलें कि चीन के उक्त दावे के बाद अंतरराष्ट्रीय हलकों में मामले पर कयासबाजी काफी तेज हो गई थी। जिसके पीछे की एक बड़ी वजह ताइवान जलडमरूमध्य को लेकर बनी हुई संवेदनशीलता भी है।



### ताइवान संग नहीं कूटनीतिक संबंध

वहीं, इन सबके बीच सूत्रों ने कहा कि भारत ने अतीत में हालांकि वन चीन नीति का समर्थन किया था। लेकिन यह किसी द्विपक्षीय दस्तावेज में शामिल नहीं है। भारत और ताइवान के बीच औपचारिक रूप से कोई राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। वर्ष 1995 में नई दिल्ली ने इंडिया-ताइपे एसोसिएशन (आईटीए) की ताइपे में स्थापना की गई थी। जिसका उद्देश्य दोनों के बीच व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक मेल मिलाप यानी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। आईटीए को सभी वाणिज्यिक और पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने का भी अधिकार दिया गया है। समान वर्ष के दौरान ही ताइवान ने भी नई दिल्ली में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की थी। 2010 के बाद से भारत ने संयुक्त बयानों में भी वन चाइना शब्द का उल्लेख करने से परहेज किया है।

## विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मिलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कहा

# आप भारत का पहला चेहरा, देश की आत्मा बनकर करें कार्य

*हृदय और आत्मा से बने संबंध हमेशा मजबूत होते हैं*

**आपके शब्दों, कार्यों और मूल्यों में दुनिया भारत को देखेगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारतीय विदेश सेवा (2024 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने अधिकारियों को भारतीय विदेश सेवा में शामिल होने के लिए बधाई दी।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अनुरोध करते हुए कहा कि आप हमारे सभ्यतागत ज्ञान के मूल्यों (शांति, बहुलवाद, अहिंसा और संवाद) को अपने साथ लेकर चलें। साथ ही, अपने सामने आने वाली हर संस्कृति के विचारों, लोगों और दृष्टिकोणों के प्रति खुले रहें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उन्हें अपने सामने आने वाली हर संस्कृति के विचारों, लोगों और दृष्टिकोणों के प्रति खुला रहना चाहिए।



**भारत के हितों के संरक्षक**

*राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे कूटनीतिक प्रयास हमारी घरेलू आवश्यकताओं और 2047 तक विकसित भारत बनने के हमारे उद्देश्य के साथ निकटता से जुड़े होने चाहिए। राष्ट्रपति ने युवा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं को न सिर्फ भारत के हितों का संरक्षक समझें, बल्कि उसकी आत्मा का राजदूत भी समझें।*

### विश्व की चुनौतियों के समाधान का भारत अनिवार्य हिस्सा

*राष्ट्रपति ने कहा कि आसपास की दुनिया भू-राजनीतिक बदलावों, डिजिटल क्रांति, जलवायु परिवर्तन और विवादित बहुपक्षवाद के संदर्भ में तेजी से बदलाव देख रही है। युवा अधिकारियों के रूप में आपकी चपलता और अनुकूलनशीलता हमारी सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच असमानता से उत्पन्न समस्याएं हों, सीमापार आतंकवाद का खतरा हो या जलवायु परिवर्तन के निहितार्थ हों, भारत विश्व की प्रमुख चुनौतियों के समाधान का एक अनिवार्य हिस्सा है। भारत न सिर्फ विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि एक निरंतर उभरती हुई आर्थिक शक्ति भी है। हमारी आवाज का महत्व है।*

### सांस्कृतिक कूटनीति भी महत्वपूर्ण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राजनयिकों के रूप में, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी भारत का पहला चेहरा होंगे जिसे दुनिया उनके शब्दों, कार्यों और मूल्यों में देखेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में सांस्कृतिक कूटनीति भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हृदय और आत्मा से बने संबंध हमेशा मजबूत होते हैं। चाहे वह योग हो, आयुर्वेद हो, श्रीअन्न हों या भारत की संगीत, कलात्मक, भाषाई और आध्यात्मिक परंपराएं हों, अधिक रचनात्मक और महत्वाकांक्षी प्रयास इस विशाल विरासत को विदेशों में प्रदर्शित और प्रचारित करेंगे।

## आईएमएफ से कर्ज लेकर फंसा पाकिस्तान

# केंद्रीय बैंक पर नहीं रह पाएगा सरकार का अब नियंत्रण, अन्य कई शर्तें थोपीं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

आईएमएफ से कर्ज लेकर पाकिस्तान फंस गया है। दरअसल, आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज की नई किस्त जारी करने के लिए कुछ ऐसी शर्त रख दी है, जिससे पाकिस्तान की सरकार अपने ही केंद्रीय बैंक की निगरानी नहीं कर पाएगी और पाकिस्तानी सरकार का अपने केंद्रीय बैंक पर नियंत्रण कम हो जाएगा।

आईएमएफ ने पाकिस्तान से केंद्रीय बैंक के बोर्ड से वित्त सचिव को हटाने को कहा है और साथ ही वाणिज्यिक बैंकों के निरीक्षण का आदेश देने के संघीय सरकार के अधिकार को रद्द करने के लिए कानून में संशोधन की भी मांग की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार,



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त सचिव को निदेशक मंडल से हटाने के लिए एसबीपी अधिनियम में संशोधन की सिफारिश की है। साथ ही आईएमएफ ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में डिप्टी गवर्नर के दो रिक्त पदों को तुरंत भरने को भी कहा है। आईएमएफ की सिफारिशें, गवर्नेंस एंड करप्शन डायग्नोसिस मिशन रिपोर्ट का हिस्सा हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अगर ये सिफारिशें मानी जाती हैं तो संघीय सरकार की केंद्रीय बैंक से निगरानी समाप्त हो जाएगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109